
RNI N.- BIHBIL/2022/88070 राष्ट्रीय द्विभाषिक सामाचार पत्र www.bordernewsmirror.com


# बॉर्डर न्यूज मिरर

"खबरों से समझौता नहीं"



पटना, वर्षः 7 , अंकः 109 , मंगलवार, 02 जून 2026 मूल्यः 5:00, पृष्ठः8 9471060219, 9470050309 www.bordernewsmirror@gmail.com



अपनी माटी अपना देश राष्ट्रीय चेतना यात्रा को एसएसबी ने दिखाई हरी झंडी, 40 ... 03


डुमरी डे-नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब सर्वर-11 मुजफ्फरपुर के नाम 04

अल्फा किलर बनकर दुश्मनों का सफाया करेंगी आलिया भट्ट... 07


## संक्षिप्त समाचार

### शादी के दिन हेलीकॉप्टर क्रैश में भारतवंशी पायलट की मौत

- अमेरिका के जॉर्जिया में हादसा,पत्नी 6 घंटे मलबे में फंसी रही



**जॉर्जिया (एजेंसी)।** अमेरिका के जॉर्जिया में शादी के कुछ घंटों बाद भारतीय मूल के पायलट की हेलीकॉप्टर हादसे में मौत हो गई। उनकी पत्नी घायल हो गई और करीब 6 घंटे तक मलबे में फंसी रहीं। डेव फिजी और जेस्री की शादी 29 मई को डॉसनविल के द रिवेरे वेडिंग वेन्यू में हुई थी। समारोह में करीब 400 मेहमान शामिल हुए थे। नवविवाहित जोड़ा शादी के बाद हेलीकॉप्टर से अटलांटा के लिए रवाना हुआ था, लेकिन उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद हेली दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

#### डेव बचपन का सपना पूरा कर पायलट बना था

परिवार के अनुसार डेव फिजी बचपन से ही पायलट बनना चाहता था। उसने अपनी मेहनत और लगन से यह सपना पूरा किया और बाद में डेल्टा एयर लाइंस में फर्स्ट ऑफिसर के तौर पर नियुक्त हुआ। डेव को उड़ान और विमानन क्षेत्र से बेहद लगाव था। परिवार के अनुसार वह बेहद अनुशासित और जिम्मेदार पेशेवर पायलट था। हादसे से पहले डेव ने चर्चा की थी।

### अमेरिका ने ईरान की रडार-ड्रोन कंट्रोल साइट्स पर किया हमला

- ईरान ने जवाबी हमले में एयरबेस को निशाना बनाया; ईरानी राष्ट्रपति के इस्तीफे का दावा



**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका ने कहा कि हमने ईरान के गोरुक और केश्म आईलैंड पर रडार और ड्रोन कंट्रोल साइट्स को निशाना बनाया है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने बताया है कि यह कार्रवाई ईरान की आक्रामक गतिविधियों के जवाब में की गई। अमेरिका ने आरोप लगाया कि ईरान ने रविवार को अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में एक अमेरिकी ड्रोन को गिराया था। अमेरिकी सेना ने ईरान के एयर डिफेंस सिस्टम, एक ग्राउंड कंट्रोल स्टेशन और दो ड्रोन को तबाह कर दिया। दूसरी तरफ, ईरान की इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने दावा किया कि हमने उस एयरबेस को निशाना बनाया, जिसका इस्तेमाल सीरिक आइलैंड के पास अमेरिकी ऑपरेशन में हुआ था। वहीं, ईरान इंटरनेशनल की रिपोर्ट में दावा किया गया कि ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने इस्तीफा दे दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक पजशकियान ने आरोप लगाया कि देश की सत्ता पर अब पूरी तरह आईआरजीसी के कमांडरों का कंट्रोल है। फ्रांस ने लेबनान में इजराइल की बढ़ती सैन्य कार्रवाई को लेकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आपात बैठक बुलाने की मांग की है।

## जेईई एडवांस परीक्षा में बिहार के शुभम टॉपर

**कोटा (एजेंसी)।** जॉइंट एंट्रेंस एग्जाम यानी जेईई-एडवांस का रिजल्ट रविवार देर रात जारी हुआ। इसमें बिहार के शुभम कुमार टॉपर रहे। दूसरे नंबर पर दिल्ली के कबीर छिल्लर और तीसरे नंबर पर झुंझनूं



(राजस्थान) के जतिन चाहर रहे। टॉप-10 में रहे 6 स्टूडेंट्स ने राजस्थान के कोचिंग संस्थानों में पढ़ाई की। एजुकेशन एक्सपर्ट के मुताबिक परीक्षा में बैठने वाले कैंडिडेट्स में 31.65 फीसदी पास हुए। जेईई एडवांस में 1 लाख 79 हजार 694 स्टूडेंट्स शामिल हुए थे। 56 हजार 880 कैंडिडेट्स ने परीक्षा पास की। इस साल परीक्षा का कटऑफ बढ़कर 92 हो गया है।

## ब्रह्मोस,आकाश और नेत्र...

# डिफेंस एक्सपोर्ट में भारत का दबदबा

### दुनिया के 4 देशों से 21000 करोड़ के सौदे



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय रक्षा उद्योग वैश्विक मंच पर एक महाशक्ति के रूप में उभर रहा है। ऑपरेशन सिंदूर में ब्रह्मोस, आकाश मिसाइल, लॉयटरिंग म्यूनिशन और नेत्र जैसे स्वदेशी हथियारों के शानदार प्रदर्शन के बाद दुनिया भर में भारतीय वार मशीनरी की मांग में भारी उछाल आया है। रक्षा मंत्रालय के ताजा आंकड़ों के अनुसार, भारत ने वित्त वर्ष 2025-26 में 38,424 करोड़ का रिकॉर्ड रक्षा निर्यात दर्ज किया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 62 फीसदी अधिक है। भारत ने अब 2029-30 तक 50,000 करोड़ के रक्षा निर्यात का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है।

### ब्रह्मोस मिसाइल की दुनिया भर में बढ़ी मांग

भारत की सबसे घातक ब्रह्मोस मिसाइल के लिए फिलीपींस, वियतनाम और दो अन्य देशों के साथ करीब 12,500 करोड़ के सौदे हो चुके हैं। फिलीपींस के साथ करीब 3,200 करोड़ की डील पूरी हो चुकी है। वियतनाम से 5,800 करोड़ की डील पर हस्ताक्षर हो चुके हैं, जिसकी औपचारिक घोषणा जल्द होने वाली है। इंडोनेशिया में लगभग 3,600 करोड़ की डील अंतिम चरण में है, जबकि मलेशिया और थाईलैंड ने भी इसमें गहरी रुचि दिखाई है।

### आकाश-1एस एयर डिफेंस सिस्टम

आकाश मिसाइल सिस्टम के लिए आर्मेनिया के साथ 6,100 करोड़ का अनुबंध पहले ही हो चुका है और इसकी डिलीवरी वर्तमान में जारी है, जिसे हाल ही में आर्मेनिया की सालाना परेड में भी देखा गया था। इसके अलावा, अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका के देशों ने भी आकाश-1एस में रुचि दिखाई है, जबकि आकाश-एनजी को लेकर नई बातचीत चल रही है। दूसरी ओर, भारत की पिनाका बहु-नल रॉकेट प्रणाली की डिलीवरी आर्मेनिया को की जा चुकी है, जहां इसे शांत नाम से सेना में शामिल किया गया है। गाइडेड पिनाका की मारक क्षमता 75 किलोमीटर है और अब इसे खरीदने के लिए फ्रांस की संभावित रुचि की खबरें भी सामने आ रही हैं।

### लॉयटरिंग म्यूनिशन और 'नेत्र' सिस्टम

भारतीय लॉयटरिंग म्यूनिशन (नागास्त्र-1 और स्काईस्ट्राइकर) की विदेशों में मांग तेजी से बढ़ी है। साइप्रस ने अपने 2026-31 के रक्षा रोडमैप में इसे खरीदने की इच्छा जताई है। इसके अलावा, दक्षिण-पूर्व एशिया, अफ्रीका और मध्य पूर्व के देशों से भी लगातार पूछताछ आ रही है। इस बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए एचएएल और अदानी डिफेंस जैसी कंपनियां अपना उत्पादन तेजी से बढ़ा रही हैं। भारत वर्तमान में दुनिया के 100 से अधिक देशों को रक्षा उपकरण निर्यात कर रहा है, जिनमें अमेरिका, फ्रांस और आर्मेनिया प्रमुख हैं। अमेरिका सबसे बड़ा खरीददार है।

## हमलों से पहले

# अब आपको मिलेगा अलर्ट!

- देश के 244 जिलों में लग रहा एयर रेड वॉर्निंग सिस्टम
- मिसाइल, ड्रोन, हमले से पहले देगा चेतावनी




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र सरकार देश के उन जिलों में अत्याधुनिक एयर रेड वॉर्निंग सिस्टम लगाने पर काम कर रही है, जो संवेदनशील हैं या दुश्मनों के हवाई हमलों की स्थिति में सबसे पहले चपेट में आ सकते हैं।

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान देश देख चुका है कि पश्चिमी सीमा पर राजस्थान से लेकर जम्मू और कश्मीर तक पाकिस्तान ने कौड़ियों के भाव वाले तुर्की के सैकड़ों ड्रोन भेजकर किस तरह से दहशत मचाने की कोशिश की थी। केंद्र जिस अत्याधुनिक एयर रेड वॉर्निंग सिस्टम प्रोजेक्ट पर काम कर रहा है, एजेंसी की एक रिपोर्ट के अनुसार इसके लिए एयर फोर्स के पूर्व अधिकारियों की नियुक्ति प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है। रिपोर्ट में इस मामले की जानकारी रखने वाले अफसरों के हवाले से बताया गया है कि इस प्रोजेक्ट की अगुवाई एयर फोर्स के ऐसे पूर्व अफसर करेंगे, जो एयर डिफेंस ऑपरेशन के क्षेत्र में आगे हैं।

- **244 जिलों में एयर रेड वॉर्निंग सिस्टम-** यह एयर रेड वॉर्निंग सिस्टम सभी तरह के ड्रोन, मिसाइलों और लड़ाकू विमानों से हवाई हमलों से खतरे की स्थिति में नागरिकों को चेतावनी देंगे। इस प्रोजेक्ट पर काम पूरा होने के बाद देश के सभी 244 संवेदनशील जिले किसी भी हवाई हमले को लेकर इस चेतावनी नेटवर्क से जुड़ जाएंगे। देश के इन 244 जिलों में से ज्यादातर सीमावर्ती इलाकों में हैं।

### ऑपरेशन सिंदूर के बाद महसूस हुई जरूरत

इस प्रोजेक्ट की जानकारी रखने वाले एक अधिकारी ने जो कुछ बताया, उससे इसके बारे में काफी कुछ पता चल सकता है। इस प्रोजेक्ट से यह सुनिश्चित होगा कि सिविल डिफेंस मैनुअल के अनुसार ही जमीनी स्तर पर एक स्टैंडर्ड एयर वॉर्निंग सिस्टम भी मौजूद रहे। नए एयर डिफेंस वॉर्निंग सिस्टम का प्रस्ताव पिछले साल ऑपरेशन सिंदूर के तुरंत बाद ही आया था। युद्ध में ड्रोन का इस्तेमाल शुरू होने के बाद नागरिकों के लिए हवाई रक्षा चेतावनी प्रणाली जरूरी हो जाती है। एक बार यह प्रोजेक्ट स्थापित हो गया, फिर सिविल वॉलेंटियर को भी इससे जुड़ी ट्रेनिंग दी जाएगी।

### गृह मंत्रालय के अधीन है यह एयर डिफेंस प्रोजेक्ट

ऑपरेशन सिंदूर के कुछ दिनों बाद ही ऐसी रिपोर्ट आई थी कि कुछ एयर वॉर्निंग सिस्टम ठीक से काम नहीं कर रहे थे और उनमें से कई बहुत पुराने पड़ चुके थे। उनकी जगह तात्कालिक सायरन से भी काम चलाना पड़ा। रिपोर्ट के मुताबिक एयर रेड वॉर्निंग सिस्टम प्रोजेक्ट की अगुवाई डायरेक्टोरेट जनरल- फायर सर्विस आदि करेंगे।

# गिरिबाला और समर्थ को लेकर घर पहुंची सीबीआई

## ट्विशा केस

- 80 किलो की डमी को फंदे पर लटका कर 2 घंटे तक किया सीन रीक्रिएट




**भोपाल (एजेंसी)।** भोपाल के चर्चित ट्विशा शर्मा डेथ केस की जांच कर रही सीबीआई टीम सोमवार को पूर्व जज गिरिबाला सिंह और उनके बेटे समर्थ को लेकर घर पहुंची। यहां 80 किलो वजन की डमी को फंदे पर लटका कर और उतार कर घटना की परिस्थितियों को समझने की कोशिश की। सीबीआई यह पता लगाने में जुटी है कि घटना के समय क्या हुआ था और उपलब्ध तथ्यों का घटना स्थल से कितना मेल बैठता है। टीम ने डमी और ट्विशा का वेट मैच करने के लिए डमी के अंदर पहले रेत डाला। इसके बाद पांव पर लोहे के वजनी डंबल बांध दिए।

### गर्भपात को लेकर डॉक्टर से भी होगी पूछताछ

सीबीआई ने इस मामले में उस डॉक्टर को भी तलब किया है, जिसने ट्विशा को गर्भपात की सलाह दी थी। इसी के साथ ट्विशा का शव देखने से लेकर उसे फंदे से उतारने और अस्पताल तक पहुंचाने की डिटेल जानकारी हासिल की जा रही है। ट्विशा की मौत के बाद से ही यह मामला आत्महत्या और हत्या के बीच उलझा हुआ है। समर्थ ट्विशा की मौत को आत्महत्या तो बता रहा है, लेकिन उसके कारणों के संबंध में ठोस जवाब नहीं दे रहा।

वह गर्भपात के बाद ट्विशा के डिप्रेशन में आकर आत्मघाती कदम उठाने की बात कह रहा है। सीबीआई का फोकस इस बात पर भी है कि यदि यह आत्महत्या थी तो इसके पीछे तत्काल कारण क्या थे और यदि नहीं तो घटनाक्रम क्या रहा।

### फरारी के दौरान मददगार की खोज

सीबीआई अब उन लोगों की पहचान में जुटी है, जिन्होंने एफआईआर दर्ज होने के बाद समर्थ की प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से मदद की हो सकती है। जांच में उसके मोबाइल संपर्क, लोकेशन, बैंकिंग ट्रांजैक्शन और डिजिटल चैट खंगाली जा रही हैं। यदि किसी व्यक्ति की भूमिका फरारी में सहयोग देने की पाई जाती है तो उसके खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

## यूपी बीजेपी की 'नई टीम' को लेकर बड़ा मंथन



मजबूत रणनीति के साथ चुनाव मैदान में उतरेगी पार्टी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बीजेपी की केंद्रीय चुनाव समिति की रविवार को अहम बैठक हुई। भाजपा चुनाव समिति ने संगठनात्मक तैयारियों की समीक्षा की और राष्ट्रीय और राज्य दोनों स्तरों पर पार्टी की लंबित नियुक्तियों पर चर्चा की। बैठक की अध्यक्षता भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने की और इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल हुए। सूत्रों के अनुसार बैठक में भाजपा की उत्तर प्रदेश संगठनात्मक टीम के गठन पर भी चर्चा हुई, जिसका नेतृत्व प्रदेश इकाई के नवनियुक्त अध्यक्ष पंकज चौधरी करेंगे। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में अब सिर्फ 10 महीने बचा है ऐसे में भाजपा देश के राजनीतिक रूप से सबसे अधिक महत्वपूर्ण राज्य में एक पूर्ण संगठनात्मक टीम बनाने और अपनी चुनावी रणनीति को और मजबूत करने की दिशा में काम कर रही है। उत्तर प्रदेश से लोकसभा में 80 सांसद चुनकर जाते हैं और राज्य में विधानसभा की 403 सीट हैं। सूत्रों ने बताया कि शीर्ष नेतृत्व ने कुछ अन्य राज्यों से संबंधित राजनीतिक घटनाक्रमों की भी समीक्षा की जहां संगठनात्मक और प्रशासनिक बदलाव होने हैं। इस हफ्ते असम में मंत्रिमंडल विस्तार करने के साथ ही राजनीतिक नियुक्तियां भी होंगी।

# डॉक्टर बनने के लिए अब मिलेंगे पूरे 10 साल

- एनएमसी का ड्राफ्ट जारी, एमबीबीएस फर्स्ट ईयर के 4 मौके ही रहेंगे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नेशनल मेडिकल कमिशन (एनएमसी) ने नोटिफिकेशन जारी कर कहा है कि दाखिले की तारीख से 10 साल के अंदर एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी करनी होगी। ग्रेजुएट



मेडिकल एजुकेशन रेगुलेशंस (अमेंडमेंट) 2023 में यह स्पष्ट किया गया है कि एमबीबीएस छात्रों को अनिवार्य रोटेटरी मेडिकल इंटर्नशिप सहित कोर्स पूरा करने के लिए अधिकतम 10 साल का समय मिलेगा। नीट एग्जाम की तैयारी कर रहे उम्मीदवारों को भी एनएमसी के ड्राफ्ट नियम को समझना जरूरी है। इससे पहले एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी करने के लिए दस साल की ही समय सीमा लागू थी लेकिन 2023 रेगुलेशंस में इसे 9 साल कर दिया गया था। इसके साथ ही फर्स्ट ईयर (फर्स्ट प्रोफेशनल एमबीबीएस) के लिए अधिकतम चार प्रयास ही मिलेंगे।

**1.4 लाख से ज्यादा हो सकती हैं एमबीबीएस सीटें-** देश में एमबीबीएस कोर्स की सीटों की संख्या में हर साल इजाफा हो रहा है और 2026-27 की सीटों को लेकर फाइनल डेटा तैयार किया जा रहा है। सूत्रों का कहना है कि इस वर्ष एमबीबीएस की सीटें 1.4 लाख से ज्यादा हो सकती हैं। इस प्रस्ताव के लागू होने से वर्ष 2023 से पहले लागू समयसीमा प्रभावी रूप से बहाल हो जाएगी।

## ममता के 80 में से 60 विधायक हो गए 'गायब'

- टीएमसी की बैठक में पहुंचे ही नहीं, मचा हड़कंप

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में मिली करारी हार के बाद तृणमूल कांग्रेस में सब कुछ ठीक नहीं है। कई विधायक और सांसद नाराज बताए जा रहे हैं।



इसको बल रविवार को तब और मिला, जब अभिषेक बनर्जी पर हुए हमले के बाद ममता के घर होने वाली बैठक में 80 में से 60 विधायक पहुंचे ही नहीं। इससे हड़कंप मच गया। सूत्रों के अनुसार, ममता के घर पर रविवार को अहम बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें विधायकों को बुलाया गया था, लेकिन बैठक से 60 विधायक गायब रहे, जिससे उसे रद्द करना पड़ गया। हालांकि, बाद में पार्टी ने सफाई पेश की।

# परिसीमन बिल की नई तैयारी में मोदी सरकार

### टीएमसी की हार,ओएनओई पर बना बड़ा प्लान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ओएनओई यानी एक देश एक चुनाव और परिसीमन विधेयक जल्द ही एक बार फिर संसद में पेश किया जा सकता है। खबर है कि पहली बार परिसीमन बिल पर चोट के बाद भारतीय जनता पार्टी अब बड़ी प्लानिंग कर रही है। हालांकि, इसे लेकर आधिकारिक रूप से कुछ नहीं कहा गया है। खास बात है कि यह घटनाक्रम ऐसे समय पर हो रहा है, जब पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस और तमिलनाडु में द्रविड़ मुन्नेत्र कझगम जैसे बड़े



क्षेत्रीय दलों को चुनावी हार का सामना करना पड़ा है। रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि सरकार 2029 लोकसभा चुनाव से पहले एक देश एक चुनाव बिल पेश कर सकती है। खास बात है कि अप्रैल में संविधान संशोधन बिल फेल होने के बाद अब भाजपा नए सिरे से तैयारी कर रही है। सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि केंद्रीय गृहमंत्रालय नया परिसीमन बिल तैयार कर रहा है।

### क्षेत्रीय दल निभाएंगे बड़ी भूमिका

रिपोर्ट के मुताबिक, भाजपा की ये कोशिशें हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव के बाद तेज हुई हैं। सूत्रों ने अखबार को बताया कि तमिलनाडु में हार और कांग्रेस के साथ छोड़ने के बाद डीएमके यानी द्रविड़ मुन्नेत्र कझगम कुछ मुद्दों पर भाजपा के साथ बातचीत के लिए तैयार है। कहा यह भी जा रहा है कि भाजपा की नजरें टीएमसी में जारी गतिविधियों पर भी हैं। ये अटकलें ऐसे समय पर सामने आई हैं, जब बंगाल चुनाव में हार के बाद टीएमसी नेताओं में जमकर मतभेद की खबरें सामने आ रही हैं। वहीं, पार्षद स्तर के नेता इस्तीफा सौंप रहे हैं। रिपोर्ट में बताया गया था कि कुछ सांसद टीएमसी छोड़कर भाजपा में जा सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### वैशाली में महिला थाना प्रभारी निलंबित, कोर्ट के आदेश का पालन न करने पर एसपी ने की कार्रवाई

**हाजीपुर**। वैशाली में महिला थाना अध्यक्ष अदिति कुमारी को निलंबित कर दिया गया है। उन पर न्यायालय के आदेश का पालन न करने का आरोप है, जिसके बाद वैशाली एसपी ने यह कार्रवाई की है। यह मामला लालगंज थाना क्षेत्र से एक बालिग युवती के अपहरण से जुड़ा है। पुलिस ने युवती को बरामद कर लिया था। न्यायालय में धारा 164 के तहत बयान दर्ज होने के बाद, कोर्ट ने युवती को उसके पति को सौंपने का आदेश दिया था। हालांकि, महिला थाना अध्यक्ष अदिति कुमारी और लालगंज थाना के अनुसंधानकर्ता ने युवती को उसके माता-पिता को सुपुर्द कर दिया। न्यायालय को इसकी जानकारी मिलने पर, वैशाली एसपी ने साइबर थाना अध्यक्ष सह डीएसपी चांदनी सुमन को पूरे मामले की जांच का आदेश दिया। डीएसपी की जांच में मामला सही पाया गया। इसके बाद वैशाली एसपी ने थाना अध्यक्ष से स्पष्टीकरण मांगा, लेकिन संतोषजनक जवाब नहीं मिला। परिणामस्वरूप, वैशाली एसपी ने थाना अध्यक्ष को निलंबित कर पुलिस लाइन भेज दिया है। वैशाली एसपी विक्रम सिहाग ने बताया कि अपहृत युवती को माननीय न्यायालय के आदेशानुसार उसके पति को सुपुर्द किया जाना था। लेकिन महिला थानाध्यक्ष अदिति कुमारी ने विधिसम्मत प्रक्रिया और युवती की इच्छा का समुचित परीक्षण किए बिना उसे माता-पिता को सौंप दिया था। डीएसपी साइबर द्वारा समर्पित जांच प्रतिवेदन के आलोक में प्रथम दृष्टया थाना अध्यक्ष की भूमिका में विभागीय स्तर पर त्रुटियां पाई गई हैं।

### वाहन की टक्कर से महिला की मौत, महुआ-ताजपुर सड़क पर 70 वर्षीय सरस्वती देवी ने मौके पर दम तोड़ा

**हाजीपुर**। वैशाली में महुआ-ताजपुर सड़क पर सिंघाड़ा फतुहा पुल के पास एक अज्ञात वाहन की टक्कर से 70 वर्षीय महिला की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर जमा हो गए और उन्होंने सड़क जाम कर दिया। इसकी सूचना महुआ थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही महुआ थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। शुरुआत में मृतका की पहचान नहीं हो पाई थी। बाद में उसकी पहचान महुआ थाना क्षेत्र के सुपौल टरिया पंचायत स्थित गोपालपुर गांव निवासी स्वर्गीय प्रगाश राय की 70 वर्षीय पत्नी सरस्वती देवी के रूप में हुई। परिजनों ने शव की पहचान की। सरस्वती देवी अपनी पोती को स्कूल से लाने के लिए जा रही थीं, तभी फतुहा पुल के पास अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम की कागजी कार्रवाई पूरी की। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन महुआ थाना पहुंचे और एम्बुलेंस में रखे शव की पहचान की।



### चलती ट्रेन में मोबाइल झपटने वाला गिरफ्तार, 22 हजार का फोन मिला, यात्री ने की पहचान

**हाजीपुर**। हाजीपुर रेलवे सुरक्षा बल (RPF) ने 'ऑपरेशन यात्री सुरक्षा' के तहत कार्रवाई करते हुए ट्रेन से मोबाइल झपटने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 22 हजार रुपये का चोरी किया गया मोबाइल फोन भी बरामद किया गया। निरीक्षक प्रभारी साकेत कुमार के नेतृत्व में RPF टीम ने हाजीपुर-मुजफ्फरपुर रेलखंड पर आरओबी के पास गुप्त निगरानी के दौरान रात 8:30 बजे एक संदिग्ध युवक को झाड़ियों में छिपा देखा। पुलिस दल को देखकर वह भागने लगा, जिसे घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम राहुल कुमार (18 वर्ष), निवासी दिघीकला पूर्वी, वार्ड-24, थाना सदर हाजीपुर बताया। उसने स्वीकार किया कि उसने चलती ट्रेन में एक यात्री का मोबाइल झपट्टा मारकर चुराया था और अन्य ट्रेनों में भी चोरी की नीयत से छिपा हुआ था। इसी दौरान पीड़ित यात्री चितरंजन कुमार, निवासी समस्तीपुर, ने आरोपी की पहचान की। तलाशी के दौरान राहुल के कब्जे से एक पुराना नीले रंग का ओप्पो मोबाइल बरामद हुआ। राहुल कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपी, बरामद मोबाइल और संबंधित कागजात पीड़ित की लिखित शिकायत के साथ राजकीय रेल थाना हाजीपुर को सौंप दिए गए, जहां उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया। गौरतलब है कि 29 मई की शाम हाजीपुर स्टेशन से आगे गांधी चौक के पास एक अन्य घटना में, एक युवक चलती ट्रेन के गेट पर खड़ा था तभी एक बदमाश ने उसका मोबाइल झपट लिया। इस दौरान युवक का संतुलन बिगड़ गया और वह ट्रेन से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया था। घायल यात्री की पहचान मुजफ्फरपुर जिले के कुढ़नी प्रखंड अंतर्गत अहियापुर थाना क्षेत्र निवासी राजीव कुमार के रूप में हुई थी। इस घटना के बाद रेल पुलिस ने मोबाइल चोरों के खिलाफ यह बड़ी कार्रवाई की है।

### रेलवे कर्मचारी की करंट लगने से मौत, वैशाली में घर पर इनवर्टर ठीक करते समय लगा झटका

**हाजीपुर**। वैशाली जिले के नारायणपुर बुजुर्ग पंचायत के नारायणपुर मुसहरी टोला वार्ड नंबर आठ में एक रेलवे कर्मचारी की करंट लगने से मौत हो गई। 34 वर्षीय अश्विनी कुमार अपने घर में इनवर्टर का तार ठीक कर रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। रविवार को छुट्टी होने के कारण अश्विनी घर आए हुए थे। मृतक अश्विनी कुमार लगभग आठ साल पहले रेलवे ग्रुप डी में भर्ती हुए थे। उन्हें इसी साल पदोन्नति मिली थी और उनकी नई पोस्टिंग बरौनी जंक्शन पर हुई थी। अश्विनी कुमार दो भाई और एक बहन थे। उनका छोटा भाई निरंजन कुमार चेहराकला प्रखंड में नाजीर के पद पर कार्यरत है, जबकि बहन की शादी हो चुकी है। अश्विनी की शादी 10 साल पहले हुई थी और उनके दो बेटे हैं। उनके पिता हरेंद्र ठाकुर बेलकुंडा चौक पर इलेक्ट्रॉनिक सामान के मैकेनिक हैं। घटना की सूचना मिलते ही महुआ थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर भेज दिया। स्थानीय लोगों ने अश्विनी और उनके भाई को मिलनसार और मेधावी बताया। घटना की जानकारी मिलने पर स्थानीय जनप्रतिनिधि अमरेश कुमार सिंह, समाजसेवी देवनाथ प्रसाद सिंह, सुनील कुमार और राज नारायण सिंह सहित कई लोग मौके पर पहुंचे और परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। परिजनों ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए हाजीपुर सदर अस्पताल भेजा गया है। समाचार लिखे जाने तक शव घर नहीं पहुंचा था। पोस्टमार्टम के बाद शव को घर लाया जाएगा और अंतिम संस्कार के लिए हाजीपुर के कौनहारा घाट ले जाया जाएगा। इस दुखद घटना से मृतक की पत्नी, बच्चे और मां सहित पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

### 13 साल में पैसा 10 गुना करने का झांसा

**पटना**। फुलवारीशरीफ के पकौली गांव की एक महिला से 13 वर्ष 5 महीने में पैसा 10 गुना करने का झांसा देकर 4 लाख 75 हजार रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पीड़िता सोनम कुमारी ने अपनी मौसी, मौसा और उनके एक सहयोगी के खिलाफ फुलवारी शरीफ थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सोनम कुमारी ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2009 में उनके ससुर स्वर्गीय दयानंद सिंह का निधन हो गया था, जो भवन निर्माण विभाग में माली के पद पर कार्यरत थे। ससुर की मृत्यु के बाद उन्हें पीएफ का पैसा मिला था। इसी दौरान, सोनम की मौसी मधुमिता वर्मा, मौसा दिलीप कुमार वर्मा और उनके सहयोगी सच्चिदानंद सिंह उनके घर पहुंचे। उन्होंने सोनम को एक कंपनी में पैसा निवेश करने का झांसा दिया और बताया कि 13 साल 5 महीने में उनका पैसा 10 गुना हो जाएगा। आरोपियों ने सोनम कुमारी से दो किस्तों में कुल 4 लाख 75 हजार रुपये जमा करा लिए। इसमें 3 लाख रुपये और 1 लाख 75 हजार रुपये शामिल थे। यह राशि 14 अक्टूबर 2012 को जमा कराई गई थी। पैसा जमा कराने के बाद आरोपियों ने सोनम को एक सर्टिफिकेट दिया और गारंटी के तौर पर स्टांप पेपर पर भी लिखकर दिया था। हालांकि, जब मैच्योरिटी पूरी होने पर सोनम ने अपने पैसे की मांग की, तो आरोपियों ने पैसा देने से इनकार कर दिया और कंपनी बंद होने की बात कही। इसके बाद सोनम कुमारी ने अपने मौसा दिलीप कुमार वर्मा, मौसी मधुमिता वर्मा (जो जानीपुर थाना क्षेत्र के गाजाचक निवासी हैं) और सहयोगी सच्चिदानंद सिंह के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया है।

# दानापुर में गैस वेंडर को मारी तीन गोली, मौके पर ही मौत

## सिर-पसली और हाथ में लगी बुलेट, दोस्त के साथ निकला था, 1 घंटे में मर्डर

एजेंसी, पटना



दानापुर में रविवार की रात गैस वेंडर की गोली मारकर हत्या हुई है। उन्हें तीन गोलियां लगी है। एक गोली सीना, दूसरी पसली और तीसरी बाएं हाथ में लगी है। मौक पर ही उन्होंने दम तोड़ दिया। वारदात के बाद बाइक सवार 2 अपराधी फरार हो गए। मृतक इंदल साव (30) है। भाई संजीत कुमार ने कहा कि इंदल मेरी किराना दुकान पर बैठा था। तभी इंदल को दोस्त आया, वो इंदल को बाइक पर बैठाकर ले गया था। जिसके बाद मेरी इंदल से फोन पर बात हुई थी, इंदल ने कहा कि मैं थोड़े देर में आ रहा हूं। 1 घंटे के बाद मुझे सूचना मिली की इंदल का मर्डर हो गया है। संजीत के अनुसार जो शख्स इंदल को बाइक से ले गया था, उसी ने मर्डर किया है। घटना नासरीगंज बिस्कुट फैक्ट्री रोड स्थित तक्षशिला कॉलोनी के पास की है।

**सीतामढ़ी के रहने वाले हैं इंदलः** पुलिस ने घटनास्थल से एक मोबाइल फोन और एक गोली का खोखा बरामद किया है। बरामद मोबाइल के आधार पर मृतक की पहचान हुई। इंदल सीतामढ़ी जिले के रूनीसैदपुर थाना क्षेत्र के बनसपति गांव के रहने वाले हैं। दानापुर के नासरीगंज इलाके में रहकर गैस डिलीवरी और मजदूरी का काम करते थे। घटना की सूचना मिलते ही दानापुर थाना पुलिस, एफएसएल की टीम और एएसपी शिवम धाकड़ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी। घटना की सूचना मिलने के बाद मृतक के परिजन दानापुर अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचे।

**सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहेः** एएसपी शिवम धाकड़ ने बताया कि पुलिस सभी पहलुओं पर मामले की जांच कर रही है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाले जा रहे हैं। अपराधियों की पहचान के प्रयास जारी हैं। दानापुर थाना में मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## महावीर मंदिर में अब हर पूर्णिमा होगी विशिष्ट 'शिखर ध्वज-पूजा'

एजेंसी, पटना



♦ आषाढ़ मास की पूर्णिमा 29 जुलाई से होगी शुरू, 2 घंटे चलेगी पूजा

महावीर मंदिर में अब हर पूर्णिमा को विशिष्ट 'शिखर ध्वज-पूजा' शुरू होगी। यह पूजा मन्दिर परिसर में स्थित मुख्य ध्वज के पास होगी और पद्धति के अनुसार 2 घंटे चलेगी। ये विशिष्ट पूजा इस साल आषाढ़ मास की पूर्णिमा 29 जुलाई के दिन से शुरू की जाएगी और हर पूर्णिमा को होती रहेगी। इस दिन की विशिष्ट पूजा में श्रद्धालु भाग लेने के लिए आ सकते हैं। इस पूजा का आयोजन मन्दिर के द्वारा किया जाएगा और जिन लोगों ने इसके लिए शुल्क जमा किया है, उनके नाम पर सार्वजनिक रूप से पूजा की जाएगी।

श्री महावीर स्थान न्यास समिति के सचिव सायण कुणाल ने कहा कि साल में दो बार- रामनवमी और हनुमान-जयन्ती (कार्तिक कृष्ण चतुर्दशी) के दिन मन्दिर की ओर से विशिष्ट पूजा होती है। मन्दिर के परिसर में लगे चारों ध्वज बदले जाते हैं। बहुत दिनों से अनेक श्रद्धालुओं का आग्रह रहा है कि प्रत्येक पूर्णिमा और अन्य विशेष पर्व के अवसर पर भी मन्दिर के मुख्य शिखर के ध्वज की विशिष्ट पूजा कर उसे बदला जाए। देश के बड़े-बड़े प्राचीन मन्दिरों में भी इस प्रकार ध्वज की विशेष पूजा होती है।

महावीर मन्दिर ने इन आग्रहों को देखते हुए तत्काल निर्णय लिया है कि पूर्णिमा के दिन केवल संकल्प न कर हनुमान-जयन्ती तथा रामनवमी के दिन की तरह विशिष्ट पूजा कर ध्वज परिवर्तन किया जाए। उन्होंने आगे कहा कि मन्दिर की आध्यात्मिक ऊर्जा उसके शिखर पर लगे ध्वज पर केन्द्रित होती है। इस ध्वज का दर्शन और पूजन उस मन्दिर के सभी देवताओं की एक साथ उपासना का फल देता है। महावीर मन्दिर में भी वर्तमान में प्रत्येक पूर्णिमा के दिन ध्वज-पूजा कर उसे बदलने की परम्परा रही है।

## जदयू बोली- हर हाल में राबड़ी आवास खाली करना होगा

एजेंसी, पटना



पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी को सम्राट सरकार की तरफ से 10 सर्कुलर आवास खाली करने का फिर से नोटिस भेजा गया। आवास खाली कराने को लेकर अब सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। राबड़ी, रोहिणी पहले ही आवास खाली करने के आदेश को चुनौती दे चुके हैं।

सोमवार को आरजेडी के सीनियर लीडर अब्दुल बारी सिद्दीकी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि, बिहार में सत्ताधारी दल का मानना है कि विपक्ष का काम है सरकार की हां में हां मिलाए। ऐसा न करने पर विपक्ष को टारगेट करना है। पूर्व सीएम के तौर पर नीतीश-मांझी को आवास मिला तो लालू यादव को क्यों नहीं दिया गया।

वहीं जदयू कोटे से सम्राट सरकार में मंत्री लेसी सिंह ने कहा है कि, कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज होती है। इसका मतलब राबड़ी देवी की नजर में कानून व्यवस्था कोई चीज नहीं है। किसी भी हालत में उन्हें आवास खाली करना होगा।

**सिद्दीकी बोले- PM से भी बड़ा है बिहार के CM का बंगलाः** सिद्दकी ने कहा कि, सरकार को गरीबी कम करने पर, कर्जमुक्त करने पर दिमाग लगाना चाहिए था। सरकार ओपोजिशन को टारगेट कर रही है, ये डेमोक्रेसी के लिए अच्छा नहीं है। सरकार दिखा रही है कि अगर तुम चुप नहीं रहे तो तुम्हारा घर ले लेंगे, तुम्हारी सुविधा ले लेंगे।

## पीएमसीएच के माइक्रोबायोलॉजी डिपार्टमेंट में आग

एजेंसी, पटना



❑ डेढ़ करोड़ से ज्यादा का नुकसान

पटना में PMCH के माइक्रोबायोलॉजी डिपार्टमेंट में सोमवार को आग लग गई। आग लगते ही कर्मचारियों को आनन-फानन में बाहर निकाला गया है। फायर ब्रिगेड की 5 गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। 30 मिनट की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हादसे के वक्त यहां एग्जाम चल रही थी। आग लगते ही छात्रों को भी यहां से निकाला गया। आग से HIV वायरस लोड दफ्तर पूरी तरह से जलकर खाक हो गया है। फ्रीजर, AC, डॉक्यूमेंट्स, महंगे केमिकल समेत डेढ़ करोड़ से ज्यादा का नुकसान हुआ है। इससे HIV के मरीजों की जांच प्रभावित होगी। बाहर के जिलों से भी जांच यहीं आती है। इससे पहले अप्रैल में इसी विभाग में आग लगी थी।

**एग्जाम के दौरान लगी आगः** PMCH के अधीक्षक प्रोफेसर राजीव कुमार सिंह ने बताया, दोपहर 2 बजे के करीब माइक्रोबायोलॉजी विभाग में आग लगने की जानकारी मिली थी। घटना का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। हालांकि उस समय छात्रों का एग्जाम चल रहा था, जिससे वहां अफरा-तफरी मच गई। दमकल विभाग की टीम को 24×7 अस्पताल में तैनात रखा गया है। ताकि ऐसी घटना में तत्काल काबू पाया जा सके। ऐसे में अग्निशमन विभाग की तत्परता से एक बड़ा हादसा टल गया। फिलहाल पूरे घटना की जांच और नुकसान का आंकलन किया जा रहा है। माइक्रोबायलॉजी डिपार्टमेंट के HOD प्रत्युल नंदन ने बताया, 2 शिफ्ट में माइक्रोबायलॉजी का एग्जाम चल रहा था। उसी में हम लोग निकलने वाले थे। तब तक धुंआ उठाना शुरू हुआ।

सबसे पहले हम लोगों ने बिजली की सप्लाई काटी। तब तक लपटें तेज हो गई थीं। बुझाने की कोशिश भी की गई। जब नहीं बुझी तो फायर को खबर की गई। आग लगने के बाद सबको बाहर निकाल लिया गया था। जान का नुकसान नहीं है। कमरे में रखे डॉक्यूमेंट्स, दवा, केमिकल, और अन्य दूसरे फर्नीचर के सामान पूरी तरह से जलकर खाक हो गए हैं।

जिला फायर कमांडेंट रितेश पांडेय बताया, हम लोगों को कंट्रोल रूम से 2:10 बजे आग लगने की सूचना मिली थी। कैंपस में अग्निशमन को लेकर व्यवस्था बेहतर नहीं है। इसलिए पहले से यहां फायर की एक गाड़ी रखी गई थी। इसके अलावा 6 और गाड़ियां मूव कराई गई थीं। शुरुआत में आग लगने की वजह शॉर्ट-सर्किट निकलकर सामने आई है।

फिलहाल आग पर काबू पा लिया गया है। संवेदनशील मामला है, इसकी जांच होगी।2 महीने पहले पटना मेडिकल कॉलेज के माइक्रोबायोलॉजी विभाग में आग लग गई थी। हालांकि आग कुछ देर में बुझा दी गई थी। बताया गया कि शॉर्ट-सर्किट से हादसा हुआ था। इस दौरान सामान, मशीनें और कुछ दस्तावेज जलकर खाक हो गए थे। वहीं दूसरी तरफ PMCH के ही स्त्री और प्रसूति विभाग के पुराने भवन में भी आग लग गई थी।

## पीएम, राष्ट्रपति-कैबिनेट मंत्रियों को भेजा जाएगा 8 टन आम प्रधानमंत्री ने मन की बात में जर्दालू आम का किया जिक्र

एजेंसी, पटना



❑ श्रेयसी सिंह बोलीं- मखाना-लीची भी भेजेंगे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम में बिहार के जर्दालू आम का उल्लेख किया था। इसके बाद, बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की ओर से राज्य से लगभग 8 टन जर्दालू आम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और सभी केंद्रीय मंत्रियों को भेजे जाएंगे। बिहार की उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह ने बिहटा औद्योगिक क्षेत्र स्थित रेडिएशन सेंटर पहुंची। वहां खुद मंत्री श्रेयसी सिंह ने आम की पैकेजिंग और गुणवत्ता का जायजा लिया। उन्होंने इस नई तकनीक के बारे में भी जानकारी प्राप्त की, जिसका उपयोग आम के निर्यात के लिए किया जा रहा है।

**5 एकड़ भूमि में बने रेडिएशन सेंटर में हो रही पैकिंगः** यह रेडिएशन सेंटर बिहटा के सिकंदरपुर स्थित औद्योगिक क्षेत्र में जीटबन सप्लाई चैन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 5 एकड़ भूमि पर स्थापित किया गया है। यह बिहार की पहली ऐसी सुविधा है जो इंपोर्ट-एक्सपोर्ट के लिए इस तकनीक का उपयोग करती है। निरीक्षण के दौरान, उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री द्वारा जर्दालू आम का जिक्र किए जाने के बाद मुख्यमंत्री ने यह पहल की है। लगभग 8 टन आम पैक करके जल्द ही दिल्ली भेजे जाएंगे। सभी को भेंट किए जाएंगे।

**आम के अलावा लीची-मखाना भी जाएगाः** आगे मंत्री ने कहा, बिहार का यह पहला रेडिएशन सेंटर है, जो नई तकनीक पर बना है। इससे बिहार के किसानों को काफी फायदा हो रहा है। उद्योग क्षेत्र में भी इसका महत्व बढ़ रहा है। आने वाले दिनों में ऐसा रेडिएशन सेंटर बिहार के विभिन्न जिलों में भी बनाया जाएगा। ताकि एक्सपोर्ट इंपोर्ट करने में समस्या ना हो। आम के अलावा, बिहार का मखना, मुजफ्फरपुर का लीची भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रपति और दिल्ली में बैठे तमाम केंद्रीय मंत्रियों को भेंट की जाएगी। इसी माध्यम के तहत उसे भी पैक कर कर भेजा जाएगा। उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह ने यह भी कहा कि बिहार में उद्योग पहले से काफी बढ़ा है। उद्योगपतियों को भी बिहार आने के लिए निमंत्रण दे रही हूं। ताकि बिहार में ज्यादा से ज्यादा उद्योग लग सके और बिहार का विकास हो सके।

## महिला के गले से झपटी 1.20 लाख की चेन

एजेंसी, पटना




♦ कोई पीछा न करे ई-रिक्शा के टायर की निकाली हवा, टोटो रिजर्व कर आई थी टीचर की पत्नी

पटना में सोमवार को बाइक सवार बदमाशों ने ई-रिक्शा में बैठी महिला की चेन छीन ली। मौके पर मौजूद संजीत के अनुसार महिला शॉपिंग करने के बाद पार्किंग में निकली। फिर ई-रिक्शा में बैठ गई। इसी बीच बदमाश आए और गले से चेन स्नेचिंग कर भाग गए। जिसकी कीमत 1,20,000 रुपए है। पीड़िता ने थाने में आवेदन दिया है। पीड़िता दिव्या कुमारी (38) है। जो शिक्षक की पत्नी है। आवेदन के अनुसार दिव्या रूपसपुर कालिकेत नगर से ई-रिक्शा रिजर्व कर लक्ष्मी कॉम्प्लेक्स आई थी। जैसे ही दुकान से बाहर पार्किंग में आई। इसी बीच उनके साथ घटना हुई।

पीड़िता ने ई-रिक्शा के चालक से कहा कि बदमाशों का पीछा करो, पर किसी ने ई-रिक्शा के आगे वाले पहिए की हवा निकाल दी थी। घटना श्रीकृष्णापुरी थाना क्षेत्र के चुन्नीलाल मेगा मार्ट के कैंपस की है। पीड़ित दिव्या ने बताया कि सोने की चेन 12 ग्राम की थी। दिव्या के पति शिक्षक हैं। इस घटना का सीसीटीवी फुटेज भी आया है। जिसमें डेढ़ मिनट तक दोनों बदमाश रेकी करते नजर आ रहे हैं।

## दवा माफिया नीरज हाजीपुर से गिरफ्तार, बांग्लादेश भेजने वाला था खेप

एजेंसी, पटना



बिहार का बड़ा दवा माफिया नीरज पकड़ा गया है। इसके खिलाफ एक दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने हाजीपुर से अरेस्ट किया है। पूर्वी एसपी परिचय कुमार की मॉनिटरिंग में गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की गई थी। इसमें चित्रगुप्त नगर SHO भी शामिल थे।

पूर्वी एसपी परिचय कुमार के अनुसार नीरज बताया कि खेप बांग्लादेश भेजी जा रही थी। यहां से नॉर्थ ईस्ट ले जाते थे। वहां से बंगलादेश भेजी जाती थी। एंटी स्नेक वेनम की सप्लाई असम और नागालैंड में करता था। बीते 25 वर्षों से इस धंधे में था। पूर्व में कदमकुआं और पीरबहोर से जेल गया है। तकरीबन डेढ़ दर्जन मामले दर्ज हैं।

सूत्रों की मानें तो पुलिस दबिश का कारण नीरज दिल्ली भाग गया था। पटना में नेटवर्क तबाह होने के बाद अपने बिजनेस को हाजीपुर में स्थापित कर रहा था। इसी सिलसिले में चोरी चुपके हाजीपुर आता था, फिर निकल जाता था। पुलिस को इसकी पूरी इनपुट थी। पिछले लगभग एक महीने से पुलिस इसकी गिरफ्तारी के लिए जाल बिछा रही थी, लेकिन बच जा रहा था।

29 मई को पुलिस को सूचना मिली कि नीरज दिल्ली से हाजीपुर आया है। इसी सूचना के आधार पर पुलिस ने हाजीपुर में रेड की और नीरज पकड़ा गया। हिमाचल-उत्तराखंड समेत दूसरे राज्यों में भी इसका नेटवर्क फैला था। ट्रांसपोर्ट के जरिए नशीले इंजेक्शन, प्रतिबंधित कफ सिरप मंगाता था और पटना, हाजीपुर, राघोपुर समेत बिहार के दूसरे जिलों में भेजता था।

## 21 जून को जदयू का महाधिवेशन संगठन विस्तार पर होगी चर्चा

एजेंसी, पटना



❑ राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए नीतीश के निर्वाचन पर लगेगी मुहर

जनता दल (यूनाइटेड) की संगठनात्मक बैठक 21 जून को पटना स्थित जदयू प्रदेश कार्यालय के कर्पूरी सभागार में होगी। जानकारी जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने पार्टी कार्यालय में पीसी में दी। बताया कि यह बैठक संगठनात्मक दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण होगी, जिसमें पार्टी के राष्ट्रीय, प्रदेश और जिला स्तर के प्रमुख पदाधिकारी शामिल होंगे। राजीव रंजन ने बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य 25 जनवरी 2026 को जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर नीतीश कुमार के हुए निर्वाचन पर राष्ट्रीय परिषद की औपचारिक मुहर लगाना है। इसके साथ ही पार्टी संगठन को और मजबूत बनाने, आगामी राजनीतिक रणनीति तय करने और विभिन्न संगठनात्मक विषयों पर व्यापक चर्चा की जाएगी।

**सात निश्चय-3 और विकसित बिहार पर होगा मंथनः** बैठक में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की महत्वाकांक्षी योजना सात निश्चय-3 के संकल्पों को जन-जन तक पहुंचाने की रणनीति पर भी चर्चा होगी। इसके अलावा विकसित बिहार के निर्माण, सुशासन के एजेंडे को आगे बढ़ाने और आने वाले दिनों में पार्टी के राजनीतिक और संगठनात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की जाएगी। बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय परिषद और राज्य परिषद के सदस्य भी मौजूद रहेंगे। जदयू नेतृत्व का मानना है कि यह बैठक संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करने और कार्यकर्ताओं को नई दिशा देने में अहम भूमिका निभाएगी।

**बिहार के विकास को आगे बढ़ाने का संकल्पः** जदयू ने कहा है कि पार्टी संगठन को और अधिक सशक्त बनाने और नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार के विकास और सुशासन के संकल्प को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से यह बैठक आयोजित की जा रही है। राजनीतिक दृष्टि से भी इस बैठक को काफी अहम माना जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### ग्रीष्मावकाश में मुख्यालय में उपस्थिति के आदेश पर शिक्षकों में नाराजगी, आदेश वापस लेने की मांग

**बीएनएम @मोतिहारी।** ग्रीष्मावकाश के दौरान शिक्षकों को मुख्यालय में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने तथा मोबाइल फोन चालू रखने के शिक्षा विभाग के निर्देश का विरोध तेज हो गया है। परिवर्तनकारी शिक्षक महासंघ, बिहार प्रदेश ने शिक्षा मंत्री और शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव को पत्र भेजकर इस आदेश को तत्काल वापस लेने की मांग की है। महासंघ के प्रदेश मीडिया प्रभारी मृत्युंजय ठाकुर ने कहा कि जब विभाग ने पूर्व निर्धारित अवकाश कैलेंडर के अनुसार ग्रीष्मावकाश घोषित किया है, तब उसी अवधि में शिक्षकों को मुख्यालय में उपस्थित रहने का निर्देश देना विरोधाभासी और अव्यावहारिक है। उन्होंने कहा कि यदि शिक्षकों को अवकाश का वास्तविक लाभ नहीं मिलना है, तो ग्रीष्मावकाश घोषित करने का औचित्य भी समाप्त हो जाता है। महासंघ द्वारा भेजे गए मांग पत्र में कहा गया है कि ग्रीष्मावकाश की तिथियां पहले से निर्धारित रहती हैं, जिसके आधार पर शिक्षक अपने पारिवारिक, सामाजिक और व्यक्तिगत कार्यक्रम तय करते हैं। ऐसे में अचानक जारी निर्देश शिक्षकों के वैध अधिकारों और निजी जीवन में अनावश्यक हस्तक्षेप के समान है। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि शिक्षक पूरे वर्ष शैक्षणिक और गैर-शैक्षणिक दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ करते हैं। ग्रीष्मावकाश उनके लिए मानसिक और शारीरिक रूप से पुनर्स्थापित होने तथा परिवार के साथ समय बिताने का महत्वपूर्ण अवसर होता है। ऐसे में अवकाश अवधि में मुख्यालय में उपस्थिति सुनिश्चित करने का आदेश शिक्षकों के मनोबल को प्रभावित करने वाला है। महासंघ ने विभाग से शिक्षकों की भावनाओं और व्यावहारिक कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए आदेश को अविलंब वापस लेने की मांग की है। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि आदेश वापस नहीं लिया गया तो वह लोकतांत्रिक और संवैधानिक तरीके से आंदोलन करने को बाध्य होगा, जिसकी जिम्मेदारी शिक्षा विभाग और राज्य सरकार की होगी। महासंघ ने अपने पत्र में सवाल उठाते हुए कहा है कि यदि ग्रीष्मावकाश वास्तव में अवकाश है तो शिक्षकों को उसका पूरा लाभ मिलना चाहिए, और यदि मुख्यालय में उपस्थिति अनिवार्य है तो फिर अवकाश घोषित करने का औचित्य ही क्या रह जाता है।

### उत्पाद कांड के फरार अभियुक्त को पुलिस ने दबोचा

**बीएनएम @ मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण जिले के भोपतपुर थाना पुलिस ने उत्पाद अधिनियम से जुड़े एक मामले में फरार चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया आगे बढ़ा दी है। पुलिस द्वारा चलाए जा रहे फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर जिले में उत्पाद अधिनियम के मामलों में फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में भोपतपुर थाना कांड संख्या-47/26 (उत्पाद कांड) में नामजद अभियुक्त मुन्ना दास, पिता ददन दास, निवासी जसौली जमुनिया, थाना भोपतपुर, जिला पूर्वी चंपारण को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त लंबे समय से फरार चल रहा था और पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने अभियुक्त से पूछताछ की तथा आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि उत्पाद अधिनियम से जुड़े मामलों में फरार आरोपितों की धर-पकड़ के लिए विशेष अभियान लगातार जारी है। पुलिस अभिलेखों के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास भी रहा है। उसके विरुद्ध भोपतपुर थाना में उत्पाद अधिनियम से संबंधित कई मामले दर्ज हैं। इसके अलावा कोटवा थाना क्षेत्र में भी उसके खिलाफ उत्पाद कांड दर्ज होने की जानकारी मिली है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध भोपतपुर थाना कांड संख्या-33/25, 92/25 एवं 24/26 के अलावा कोटवा थाना कांड संख्या-88/23 (सभी उत्पाद कांड) दर्ज हैं। पुलिस ने कहा है कि जिले में शराबबंदी कानून को प्रभावी बनाने तथा उत्पाद अधिनियम के मामलों में फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए अभियान आगे भी जारी रहेगा। कानून का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# जिले में विकास को गति देना सर्वोच्च प्राथमिकता, सभी विभागीय पदाधिकारी निर्धारित अवधि में लक्ष्य करें हासिल : श्रवण कुमार

## 20 सूत्री समिति की बैठक में प्रभारी मंत्री ने दिए निर्देश, गांधीजी से जुड़े स्थलों के विकास का प्रस्ताव बनाने को कहा

बीएनएम @ मोतिहारी

**मोतिहारी।** जिले में विकास कार्यों को और गति देने तथा विभिन्न योजनाओं के लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के उद्देश्य से सोमवार को समाहरणालय स्थित डॉ. राधाकृष्णन भवन सभागार में जिला स्तरीय कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति (20 सूत्री) की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ग्रामीण विकास विभाग एवं सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के मंत्री-सह-पूर्वी चंपारण के प्रभारी मंत्री श्रवण कुमार ने की। बैठक में प्रभारी मंत्री ने स्पष्ट कहा कि जिले में विकास को गति देना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी विभागीय पदाधिकारी निर्धारित अवधि के भीतर अपने-अपने विभागीय लक्ष्यों को हर हाल में हासिल करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आम जनता की शिकायतों और समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। बैठक में सांसद शिवहर लवली आनंद, विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के विधायक, जिला परिषद अध्यक्ष ममता राय, बीस सूत्री उपाध्यक्ष मंजू देवी, जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल, पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी एवं समिति के सदस्य उपस्थित रहे। बैठक की शुरुआत जिलाधिकारी द्वारा सभी सदस्यों के स्वागत के साथ हुई, जिसके बाद पावर प्वाइंट प्रस्तुतीकरण के माध्यम से जिले में चल रही विकास योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी दी गई। प्रभारी मंत्री ने विशेष रूप से निर्देश दिया कि पूर्वी चंपारण जिले में महात्मा गांधी से जुड़े ऐतिहासिक स्थलों को चिन्हित किया जाए तथा उनके समुचित विकास के लिए विस्तृत प्रस्ताव तैयार किया जाए। उन्होंने कहा कि ऐसे स्थलों का संरक्षण एवं विकास पर्यटन और ऐतिहासिक महत्व दोनों दृष्टिकोण से आवश्यक है। मंत्री ने पंचायत सरकार भवनों को शीघ्र हस्तगत कर उनमें एक सप्ताह



के भीतर विभागीय दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्य प्रारंभ कराने का निर्देश दिया। साथ ही सम्राट अशोक भवन के लिए भूमि उपलब्ध कराने, रामगढ़वा में औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने हेतु जमीन चिन्हित करने तथा बाबा सोमेश्वर नाथ मंदिर परिसर के विकास और मुख्य मार्ग से जोड़ने वाले बाईपास निर्माण पर विचार करने को कहा।ग्रामीण विकास विभाग की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए उप विकास आयुक्त ने बताया कि जिले में खेल मैदान निर्माण कार्य में 99.67 प्रतिशत उपलब्धि हासिल की गई है। 308 स्वीकृत खेल मैदानों में से 307 का निर्माण पूरा कर लिया गया है। मनरेगा के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 में 99.61 प्रतिशत उपलब्धि के साथ 1.16 करोड़ से अधिक मानव दिवस सृजित किए गए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत 1,06,424 के लक्ष्य के विरुद्ध 1,06,281 लाभुकों को स्वीकृति प्रदान की गई है, जबकि 27,455 आवासों का निर्माण पूर्ण कर लाभुकों को हस्तांतरित किया जा चुका है। मुख्यमंत्री आवास योजना और मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास सहायता योजना में भी उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई निर्माण कार्य की समीक्षा में बताया गया कि जिले की 396 पंचायतों में से 345 पंचायतों में इकाइयों का निर्माण पूरा हो चुका है, जबकि 35 पंचायतों में कार्य प्रगति पर है। इसके अतिरिक्त 410 सामुदायिक स्वच्छता परिसरों का निर्माण कराया गया है। जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल ने बताया कि नगर विकास योजनाओं पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। मोतिहारी शहर में चार सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) के निर्माण की प्रक्रिया प्रगति पर है। बैठक में कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, आपदा प्रबंधन, आपूर्ति, सहकारिता, कल्याण, सामाजिक सुरक्षा सहित विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं उपलब्धियों की भी समीक्षा की गई।बैठक के दौरान विभिन्न जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं और विकास संबंधी मांगों को रखा। इनमें मोतिहारी को सैटेलाइट सिटी बनाने, नई सड़कों के किनारे फ्लैंक निर्माण, गंडक तटबंध के पक्कीकरण, रामगढ़वा में औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने, सड़कों के रखरखाव, विद्युत शवदाह गृह की स्थापना तथा अतिक्रमण हटाने जैसी मांगें प्रमुख रहीं। बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया कि जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए सभी मुद्दों को कार्यवाही में शामिल कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिया कि अगली 20 सूत्री बैठक से एक सप्ताह पूर्व अनुपालन प्रतिवेदन सभी सदस्यों को उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने सहयोग शिविरों की सफलता के लिए आम नागरिकों से बढ़-चढ़कर भागीदारी की अपील भी की। अंत में अपर समाहर्ता ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि बैठक में उठाए गए सभी मुद्दों पर जिला प्रशासन शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करेगा।

## मुंशी सिंह महाविद्यालय स्थित इग्नू अध्ययन केंद्र पर जून- 2026 सत्रांत परीक्षा शुरू

बीएनएम @ मोतिहारी

**मोतिहारी।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) की जून- 2026 सत्रांत परीक्षा सोमवार से प्रारंभ हो गई। यह परीक्षा 1 जून से 21 जुलाई 2026 तक देशभर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में मुंशी सिंह महाविद्यालय, मोतिहारी स्थित इग्नू अध्ययन केंद्र- 46025 पर भी परीक्षा का सफल शुभारंभ हुआ। परीक्षा प्रतिदिन दो पालियों में आयोजित की जा रही है। प्रथम पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक तथा द्वितीय पाली दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक संचालित हो रही है। परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित सभी दिशा-निर्देशों एवं मानकों का अनुपालन सुनिश्चित किया गया है। अध्ययन केंद्र के निदेशक एवं महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. एम. एन. हक ने बताया कि परीक्षार्थियों की सुविधा तथा परीक्षा के सुचारु संचालन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पहले ही पूरी कर ली गई थीं। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्र पर शांतिपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण में परीक्षार्थियों ने उत्साहपूर्वक परीक्षा में भाग लिया। अध्ययन केंद्र के समन्वयक डॉ. ए. के. रंजन ने बताया कि परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं कदाचारमुक्त ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। उन्होंने परीक्षार्थियों



से विश्वविद्यालय के निर्देशों का पालन करते हुए समय पर परीक्षा केंद्र पहुंचने की अपील की। परीक्षा के प्रथम दिन सभी परीक्षाएं शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं कदाचारमुक्त वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुईं। अध्ययन केंद्र प्रशासन ने परीक्षा संचालन में सहयोग देने वाले शिक्षकों, कर्मचारियों एवं परीक्षार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया। यह जानकारी केंद्र समन्वयक के हवाले से महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. गौरव भारती ने दी।

## हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल से मिले एमजीसीयू के कुलपति, शैक्षणिक सहयोग पर हुई चर्चा

बीएनएम @ मोतिहारी

**मोतिहारी।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय (एमजीसीयू), बिहार के कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने कविंदर गुप्ता से शिष्टाचार भेंट कर उच्च शिक्षा, अनुसंधान और अंतर-विश्वविद्यालयीय सहयोग को मजबूत बनाने के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान हिमाचल प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों और एमजीसीयू के बीच संभावित शैक्षणिक एवं शोध सहयोग की संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में कुलपति प्रो. श्रीवास्तव ने विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों, अनुसंधान गतिविधियों, नवाचार, कौशल विकास, उद्यमिता संवर्धन तथा सामुदायिक सहभागिता से जुड़ी विभिन्न पहलों की जानकारी राज्यपाल को दी। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप बहुविषयक शिक्षा, अनुसंधान उत्कृष्टता और ज्ञान-साझेदारी को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता



को भी रेखांकित किया। चर्चा के दौरान छात्र एवं शिक्षक विनिमय कार्यक्रम, संयुक्त शोध परियोजनाएं, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठियां, संकाय विकास कार्यक्रम, नवाचार और स्टार्टअप गतिविधियों के साथ-साथ ज्ञान एवं संसाधनों के आदान-प्रदान जैसे विषयों पर सहयोग की संभावनाओं पर विचार किया गया। दोनों पक्षों ने इस बात पर सहमति जताई कि ऐसी साझेदारियां विद्यार्थियों, शोधार्थियों और शिक्षकों के लिए नए अवसरों का मार्ग प्रशस्त करेंगी। कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने कहा कि विभिन्न राज्यों के विश्वविद्यालयों के बीच सहयोगात्मक प्रयास भारतीय उच्च शिक्षा व्यवस्था को अधिक सशक्त, समावेशी और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के अनुरूप बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि हिमाचल प्रदेश के विश्वविद्यालयों के साथ प्रस्तावित सहयोग शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करेगा। वहीं राज्यपाल कविंदर गुप्ता ने शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में एमजीसीयू द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए विश्वविद्यालयों के बीच संवाद, सहयोग और ज्ञान-साझेदारी को समय की आवश्यकता बताया। उन्होंने युवाओं के सर्वांगीण विकास और राष्ट्र निर्माण में उच्च शिक्षण संस्थानों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार यह भेंटवार्ता देशभर के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों के साथ सहयोगात्मक संबंध विकसित करने की दिशा में एमजीसीयू के प्रयासों का एक महत्वपूर्ण चरण है। इससे भविष्य में विश्वविद्यालय और हिमाचल प्रदेश के विभिन्न उच्च शिक्षण संस्थानों के बीच ठोस शैक्षणिक सहयोग का मार्ग प्रशस्त होने की उम्मीद है।

## बांसवारी से 7 लीटर बीयर बरामद, शराब कारोबारी फरार

बीएनएम @ मोतिहारी/हरसिद्धि

**मोतिहारी/हरसिद्धि।** थाना क्षेत्र के सेवरहाँ बिंद टोली में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर अवैध शराब बरामद की है। हालांकि पुलिस कार्रवाई की भनक लगते ही आरोपित मौके से फरार हो गया। थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिलने पर एसआई प्रीतम कुमार ने पुलिस बल के साथ ग्राम सेवरहाँ बिंद टोली में छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान शराब कारोबारी नितेश कुमार, पिता मोहन बिंद, के घर के समीप स्थित बांसवारी में छिपाकर रखी गई 14 पीस किंगफिशर बीयर (प्रत्येक 500 एमएल) बरामद की गई। बरामद बीयर की कुल मात्रा 7 लीटर है। पुलिस के पहुंचने से पहले ही आरोपित नितेश कुमार फरार हो गया। काफी तलाश के बावजूद वह पुलिस के हाथ नहीं लग सका। थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि एसआई प्रीतम कुमार के बयान पर नितेश कुमार के विरुद्ध मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की




जा रही है। फरार आरोपित की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अवैध शराब कारोबारियों के विरुद्ध अभियान लगातार चलाया जा रहा है और इसमें किसी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाएगी।

## आत्मनिर्भर ग्रामीण भारत की ओर सशक्त पहल : आरसेटी में मुर्गी पालन एवं पशुपालन प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ

बीएनएम @ मोतिहारी

**मोतिहारी।** पूर्वी चम्पारण जिले के भवानीपुर जिरात स्थित रुरल सेल्फ एंप्लॉयमेंट ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (आरसेटी) में सोमवार को ग्रामीण युवाओं, महिलाओं एवं कृषक परिवारों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत एनिमल रेयरिंग (लघु उद्यमी) इलेक्टिव-5 डेयरी (आर.पी.एल-5) तथा एनिमल रेयरिंग (लघु उद्यमी) इलेक्टिव-2 मुर्गी (आर.पी.एल-2) के दो अलग-अलग बैचों हेतु 12 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। उक्त कार्यक्रम का उद्घाटन आरसेटी डायरेक्टर बिपिन कुमार व नाबार्ड के डीडीएम आनन्द अतिरेक ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अपने प्रेरणादायी उद्घाटन संबोधन में



डीडीएम नाबार्ड आनन्द अतिरेक ने आरसेटी ई-लर्निंग एआई प्लेटफॉर्म (REAP) जो एक केंद्रीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म है, इसके बारे में विस्तृत रूप से बताया। वहीं कहा कि वर्तमान परिवेश में वैज्ञानिक एवं व्यावसायिक दृष्टिकोण से किया जाने वाला पशुपालन ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने का अत्यंत प्रभावी माध्यम बनकर उभरा है। डेयरी एवं मुर्गी पालन न केवल किसानों की आयवृद्धि का सशक्त साधन है, बल्कि यह ग्रामीण युवाओं एवं महिलाओं के लिए स्वरोजगार के स्थायी अवसर भी सृजित कर रहा है। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों का आह्वान किया कि वे प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त तकनीकी एवं व्यावहारिक ज्ञान का समुचित उपयोग कर आत्मनिर्भरता की दिशा में सार्थक कदम बढ़ाएं। उन्होंने प्रशिक्षुओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यदि प्रतिभागी समर्पण एवं दक्षता के साथ अपने-अपने क्षेत्रों में कार्य करें, तो वे स्वरोजगारी बनकर न केवल अपने जीवन को आर्थिक रूप से सुदृढ़ कर सकते हैं, बल्कि विकसित एवं समृद्ध भारत के निर्माण में भी महत्वपूर्ण सहभागिता निभा सकते हैं। साथ ही उन्होंने आर्थिक रूप से अक्षम अभ्यर्थियों को सक्षम बैंकिंग संस्थानों से ऋण प्राप्त कर स्वरोजगार स्थापित करने की भी सलाह दी। इस अवसर पर आरसेटी निदेशक बिपिन कुमार ने संस्थान की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संस्थान का मूल उद्देश्य ग्रामीण बेरोजगार युवाओं एवं महिलाओं को कौशल आधारित प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम आत्मनिर्भर भारत एवं ग्रामीण विकास की संकल्पना को धरातल पर साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिभागियों को पशुओं के समुचित रख-रखाव, आवास प्रबंधन, संतुलित आहार, कृत्रिम गर्भाधान, टीकाकरण, रोग नियंत्रण, नस्ल सुधार, वर्मी कम्पोस्ट निर्माण, यूरिया उपचारित भूसा, हरा चारा उत्पादन, आधुनिक मुर्गी पालन में बॉयलर फार्मिंग मांस (चिकन) उत्पादन व लेयर फार्मिंग (अंडा उत्पादन), मुर्गियों के रख-रखाव, रोग व उपचार तथा पशुपालन तकनीक, विपणन प्रबंधन तथा स्वरोजगार से संबंधित विभिन्न व्यावहारिक एवं तकनीकी पहलुओं की विस्तृत जानकारी विशेषज्ञ प्रशिक्षक संजय कुमार एवं नीरव आनन्द द्वारा प्रदान की जाएगी। इस कार्यक्रम में बैंक अधिकारियों, प्रशिक्षकों तथा बड़ी संख्या में प्रशिक्षणार्थियों की सक्रिय उपस्थिति रही। उद्घाटन अवसर पर प्रतिभागियों में उत्साह, जिज्ञासा एवं सकारात्मक ऊर्जा स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुई।

## अपनी माटी अपना देश राष्ट्रीय चेतना यात्रा को एसएसबी ने दिखाई हरी झंडी, 40 छात्र-स्वयंसेवक हुए रवाना

बीएनएम @ मोतिहारी

**मोतिहारी।** 71वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), मोतिहारी द्वारा राष्ट्रीय चेतना कार्यक्रम के तहत आयोजित 'अपनी माटी अपना देश' अभियान के अंतर्गत 40 विद्यार्थियों एवं स्वयंसेवकों के दल को हरी झंडी दिखाकर राष्ट्रीय चेतना यात्रा के लिए रवाना किया गया। सीमा चौकी झरोखर के निकट आयोजित कार्यक्रम में वाहिनी के कमांडेंट प्रफुल्ल कुमार के निर्देशन में उप कमांडेंट सतीश कुमार गुप्ता ने यात्रा दल को शुभकामनाओं के साथ प्रस्थान कराया। गांधीजी की कर्मभूमि पूर्वी चंपारण के ग्रामीण क्षेत्रों से चयनित छात्र एवं स्वयंसेवक राष्ट्रीय जागरण के उद्देश्य से देश के विभिन्न



ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं सामरिक महत्व के स्थलों का भ्रमण करेंगे। यह यात्रा 31 मई को भारत-नेपाल सीमा स्थित झरोखर, घोड़ासहन से प्रारंभ होकर केसरिया, वाल्मीकिनगर, गोरखपुर, प्रयागराज, आगरा, दिल्ली, हरिद्वार तथा अटारी बॉर्डर तक जाएगी। यात्रा का समापन कार्यक्रम अटारी बॉर्डर पर होगा, जबकि 11 जून को पटना में विभिन्न राजनेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं मीडिया प्रतिनिधियों के साथ यात्रा अनुभव साझा करने के बाद दल मोतिहारी लौटेगा। यात्रा के प्रथम चरण में दल झरोखर से पकड़ीदयाल, चकिया एवं कैथवलिया स्थित रामायण मंदिर होते हुए केसरिया और मोतिहारी गांधी संग्रहालय के लिए रवाना हुआ। राष्ट्रीय चेतना कार्यक्रम के सचिव ने बताया कि दल सुगौली, बेतिया और लौरिया होते हुए वाल्मीकिनगर पहुंचेगा, जहां रात्रि विश्राम के बाद 1 जून को बगहा से ट्रेन द्वारा गोरखपुर के लिए प्रस्थान करेगा। इस अवसर पर उप कमांडेंट सतीश कुमार गुप्ता ने एसएसबी के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वर्ष 1963 में 'स्पेशल सर्विस ब्यूरो' के रूप में गठित इस बल का उद्देश्य सीमावर्ती क्षेत्रों के लोगों को संगठित करना और उन्हें आत्मरक्षा एवं बुनियादी सैन्य प्रशिक्षण प्रदान करना था। वर्ष 2001 में गृह मंत्रालय के अधीन आने के बाद इसका नाम बदलकर 'सशस्त्र सीमा बल' कर दिया गया तथा भारत-नेपाल एवं भारत-भूटान सीमाओं की सुरक्षा का दायित्व सौंपा गया। उन्होंने कहा कि यात्रा का मुख्य उद्देश्य सीमावर्ती एवं ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं में राष्ट्रीय एकता, जागरूकता तथा देश की विविध संस्कृति के प्रति सम्मान की भावना को मजबूत करना है। यह केवल भ्रमण नहीं, बल्कि देश की समृद्ध विरासत, विकास और एकता को निकट से समझने का सुनहरा अवसर है। 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान के तहत आयोजित यह यात्रा युवाओं को राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका के प्रति प्रेरित करेगी। कार्यक्रम में ज्ञान ज्योति स्कूल घोड़ासहन के निदेशक प्रेम प्रकाश, शिक्षक धर्मेंद्र कुमार, कार्यक्रम प्रभारी मो. निजामुद्दीन, झरोखर थानाध्यक्ष असलम अंसारी, नेपाल एपीएफ के राजेंद्र सैनी, एसएसबी के निरीक्षक राजेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में सीमावर्ती ग्रामीण, एसएसबी कार्मिक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## दहेज के लिए हत्या मामले का प्राथमिक अभियुक्त गिरफ्तार

बीएनएम @ मोतिहारी

**मोतिहारी।** बीजधरी थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए दहेज के लिए हत्या मामले के प्राथमिक अभियुक्त अमरजीत कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अभियुक्त अमरजीत कुमार स्वर्गीय रघुवीर शाह का पुत्र तथा बीजधरी गांव का निवासी है। पुलिस के अनुसार बीजधरी थाना कांड संख्या 50/26, दिनांक 28 मार्च 2026 में भारतीय न्याय संहिता की धारा 126(2), 115(2), 108, 85 एवं 3(5) के तहत मामला दर्ज किया गया था। इस कांड में अमरजीत कुमार नामजद एवं प्राथमिक अभियुक्त था। गुप्त सूचना मिलने पर पुलिस ने छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद अभियुक्त को अग्रिम कार्रवाई के




लिए न्यायालय में भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष सीमा कुमारी ने बताया कि दहेज के लिए हत्या मामले के प्राथमिक अभियुक्त अमरजीत कुमार को गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया गया है। मामले में विधिसम्मत कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय भेज दिया गया है तथा कांड की आगे की जांच जारी है।

## संक्षिप्त समाचार

### 1.760 किलोग्राम गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार, बाइक जब्त

**बीएनएम @ मोतिहारी**। पूर्वी चंपारण जिले में नशीले पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत दरपा थाना पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली है। वाहन जांच अभियान के दौरान पुलिस ने एक मोटरसाइकिल से 1.760 किलोग्राम गांजा बरामद करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। बरामद गांजा और तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को जब्त कर लिया गया है। पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर जिले में सूखा नशा एवं मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में दरपा थाना क्षेत्र में वाहन जांच के दौरान लोकराहा की ओर से आ रही एक संदिग्ध मोटरसाइकिल को रोककर उसकी तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान वाहन से 1.760 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार तस्करों की पहचान नाजिर अंसारी, पिता स्वर्गीय समसुलक अंसारी, निवासी गम्हरिया, थाना दरपा तथा हीरा राउत, पिता स्वर्गीय गोरख राउत, निवासी फतूहा, थाना छौड़ादानो, जिला पूर्वी चंपारण के रूप में हुई है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दोनों आरोपितों से पूछताछ की जा रही है, ताकि मादक पदार्थों की खरीद-बिक्री और तस्करी से जुड़े नेटवर्क का पता लगाया जा सके। मामले में एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत कांड दर्ज कर अग्रेतर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जिले में मादक पदार्थों की तस्करी और अवैध कारोबार के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा तथा इसमें संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। दरपा थाना क्षेत्र में हुई इस कार्रवाई में पुलिस ने 1.760 किलोग्राम गांजा बरामद किया, दो तस्करों को गिरफ्तार किया तथा तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को जब्त कर लिया। मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है।

### ब्रेजा कार से 294 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद, दिल्ली का तस्कर गिरफ्तार

**बीएनएम @मोतिहारी**। पूर्वी चंपारण जिले में शराब तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मेहसी थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई में पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग-27 (एनएच-27) पर एक ब्रेजा कार से 293.76 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद करते हुए एक अंतरराज्यीय तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर जिले में शराबबंदी कानून के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर लगातार सघन जांच एवं छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मेहसी थाना क्षेत्र में प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने एनएच-27 पर वाहन जांच अभियान चलाया। जांच के दौरान एक संदिग्ध ब्रेजा कार को रोककर उसकी तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान कार से 293.76 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गई। मौके पर मौजूद चालक को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान हैप्पी शर्मा उर्फ अमित, पिता अनार सिंह, निवासी शाहाबाद, थाना शाहाबाद, जिला रोहिणी, दिल्ली के रूप में हुई है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी शराब की खेप को दूसरे राज्य से बिहार लाने की कोशिश कर रहा था। बरामद शराब और तस्करी में प्रयुक्त वाहन को जब्त कर लिया गया है। मामले में मेहसी थाना कांड संख्या-184/26 दर्ज कर अग्रेतर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि शराब की यह खेप कहां से लाई जा रही थी और इसे जिले में किस स्थान पर पहुंचाया जाना था। साथ ही इस तस्करी नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान एवं गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। पुलिस का कहना है कि शराब तस्करी के विरुद्ध विशेष अभियान आगे भी जारी रहेगा तथा शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### ढाका पुलिस की तत्परताः महज़ 30 मिनट में सुरक्षित मिला 3 वर्षीय मासूम

**बीएनएम @मोतिहारी**। ढाका थाना पुलिस की त्वरित कार्रवाई और सतर्कता से अपने पिता से बिछड़ा तीन वर्षीय मासूम महज़ 30 मिनट के भीतर सकुशल बरामद कर लिया गया। इसके बाद बच्चे को उसके परिजनों को सुरक्षित सौंप दिया गया। पुलिस के अनुसार, 1 जून 2026 को सूचना प्राप्त हुई कि 3 वर्षीय अफ़ान बाबू, पिता मोहम्मद मुर्तजा, निवासी मुरली, थाना पचपकड़ी, फल खरीदने के दौरान अपने पिता से बिछड़ गया है। सूचना मिलते ही ढाका थाना पुलिस ने तत्काल खोजबीन शुरू की और सक्रिय प्रयासों के परिणामस्वरूप मात्र 30 मिनट के भीतर बच्चे को सुरक्षित बरामद कर लिया। बाद में आवश्यक सत्यापन के उपरांत मासूम को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस की इस मानवीय पहल और तत्परता की स्थानीय लोगों ने सराहना की है।

### दो घोड़ों पर लदी 85.86 लीटर विदेशी शराब बरामद, एक तस्कर गिरफ्तार

**बीएनएम @ बेतिया**। बिहार में पूर्ण शराबबंदी को प्रभावी बनाने के लिए पश्चिम चंपारण पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जगदीशपुर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो घोड़ों पर लदी 85.86 लीटर विदेशी शराब बरामद की है। इस मामले में एक शराब कारोबारी को गिरफ्तार किया गया है, जबकि तस्करी में प्रयुक्त दोनों घोड़ों को भी जब्त कर लिया गया है। पुलिस अधीक्षक डॉ. शौर्य सुमन के निर्देश पर जिले में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण और तस्करी के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जगदीशपुर थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि घोड़ों के माध्यम से विदेशी शराब की खेप एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाई जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने दो घोड़ों पर लदी शराब की खेप बरामद कर ली। जांच में कुल 85.86 लीटर विदेशी शराब बरामद हुई। मौके से एक शराब कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि इस तस्करी नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ की जा रही है, ताकि शराब तस्करी के नेटवर्क और इसमें शामिल अन्य लोगों के बारे में जानकारी जुटाई जा सके। बरामद शराब को जब्त कर लिया गया है तथा आरोपी के विरुद्ध मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पश्चिम चंपारण पुलिस ने कहा है कि शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। अवैध शराब कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए जिले में विशेष निगरानी और छापेमारी अभियान लगातार चलाया जा रहा है। जगदीशपुर थाना क्षेत्र में हुई इस कार्रवाई में पुलिस ने 85.86 लीटर विदेशी शराब बरामद की, तस्करी में प्रयुक्त दो घोड़ों को जब्त किया तथा एक शराब कारोबारी को गिरफ्तार किया है। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की जांच और कार्रवाई जारी है।

### पावापुरी में आज जुटेंगे धार्मिक प्रतिष्ठानों के कर्मचारी, श्रमिक मुद्दों पर होगी मंथन

**बीएनएम @गिरियक**। पावापुरी में मंगलवार को झारखंड-बिहार धार्मिक प्रतिष्ठान कर्मचारी महासंघ का तृतीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन में बिहार और झारखंड के विभिन्न धार्मिक संस्थानों से जुड़े कर्मचारी, श्रमिक प्रतिनिधि एवं किसान संगठनों के पदाधिकारी हिस्सा लेंगे। आयोजकों के अनुसार सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य धार्मिक प्रतिष्ठानों में कार्यरत कर्मचारियों की समस्याओं, श्रमिक अधिकारों तथा संगठनात्मक मजबूती पर विचार-विमर्श करना है। कार्यक्रम में मजदूर-किसान एकता, श्रम कानूनों के क्रियान्वयन, सामाजिक सुरक्षा तथा कर्मचारियों के हितों से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होगी। सम्मेलन में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी एवं अखिल भारतीय किसान सभा के सचिव प्रमोद प्रभाकर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। वहीं आरा के सांसद राजाराम प्रसाद सिंह, भाकपा बिहार राज्य परिषद के सदस्य प्रभात कुमार पाण्डेय तथा बिहार अराजपत्रित शिक्षक संघ के पूर्व उपाध्यक्ष इन्द्रदेव सिंह भी अपने विचार रखेंगे। महासंघ के पदाधिकारियों सुरेश प्रसाद सिंह और रामविलास सिंह ने बताया कि सम्मेलन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।




# चैंबर भवन निर्माण को सर्वोच्च प्राथमिकता, 3 जून को ट्रेड लाइसेंस शिविर को सफल बनाने की तैयारी तेज

- 3 जून को ट्रेड लाइसेंस शिविर के प्रचार का निर्णय, जुलाई में होगा बुजुर्ग व्यवसायी सम्मान समारोह
- मोतिहारी चैंबर की कार्यकारिणी बैठक सम्पन्न, भवन निर्माण पर रहेगा विशेष फोकस
- व्यवसायियों के हित में निरंतर कार्य करेगा चैंबर : महेश सिन्हा

बीएनएम @ मोतिहारी



**मोतिहारी**। मोतिहारी चैंबर ऑफ कॉमर्स की 27वीं कार्यकारिणी की पांचवीं बैठक कार्यकारिणी सदस्य अनिल अग्रवाल के निजी आवास पर चैंबर अध्यक्ष महेश सिन्हा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उक्त बैठक की शुरुआत विशिष्ट आमंत्रित सदस्यों चंदन कुमार, केशव जैन एवं राजेश जालान के स्वागत और परिचय के साथ हुई। महासचिव आलोक कुमार ने गत बैठक की कार्यवाही रिपोर्ट एवं चैंबर की हालिया गतिविधियों की जानकारी दी, जबकि कोषाध्यक्ष अनिल बोहरा ने आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत किया। अध्यक्ष महेश सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा कि मोतिहारी चैंबर ऑफ कॉमर्स हमेशा व्यवसायियों के हितों के लिए प्रतिबद्ध रहा है और आगे भी उनके हित में कार्य करता रहेगा। उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल की सर्वोच्च प्राथमिकता चैंबर भवन का निर्माण है, जिसके लिए लगातार प्रयास किए जाएंगे। बैठक में आगामी 3 जून को नगर निगम के सहयोग से आयोजित होने वाले ट्रेड लाइसेंस शिविर को सफल बनाने पर विस्तार से चर्चा हुई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अगले दो दिनों तक नगर निगम क्षेत्र में माइकिंग के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा, ताकि अधिकाधिक व्यवसायी शिविर का लाभ उठा सकें। इसके अलावा जुलाई माह में अर्धवार्षिक सभा सह बुजुर्ग व्यवसायी सम्मान समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। समारोह के सफल आयोजन के लिए पूर्व अध्यक्ष रविकृष्ण लोहिया को संयोजक बनाते हुए एक समिति का गठन किया गया। समिति में अध्यक्ष महेश सिन्हा, महासचिव आलोक कुमार, निवर्तमान अध्यक्ष अंगद सिंह एवं मनीष कुमार को सदस्य बनाया गया। बैठक में मोतिहारी चैंबर का वार्षिक ऑडिट प्रतिवेदन ऑडिट प्रभारी अरविंद सर्राफ एवं सुरेश चंद्र द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिसे सभा ने सर्वसम्मति से अनुमोदित कर दिया। बैठक में संयोजक मनीष कुमार, निवर्तमान अध्यक्ष अंगद सिंह, पूर्व अध्यक्ष बीरेंद्र जालान, रविकृष्ण लोहिया, संजय जायसवाल, अनुपम जायसवाल, सुधीर अग्रवाल, उपाध्यक्ष सुधीर गुप्ता, सुरेश चंद्र, हेमंत कुमार, सुधांशु रंजन, डॉ. कमलेश कुमार, अनिल अग्रवाल, चंदू मिश्रा, अरविंद सर्राफ, सुनील कुमार श्रीवास्तव एवं मेहुल लाल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। अंत में अनुपम जायसवाल ने धन्यवाद ज्ञापन किया। राष्ट्रगान के साथ बैठक की समाप्ति हुई। इसकी जानकारी महासचिव -सह-मीडिया प्रभारी आलोक कुमार ने दी है।

## डुमरी डे-नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब सर्वर-11 मुजफ्फरपुर के नाम

बीएनएम @ रामगढ़वा



**रामगढ़वा**। प्रखंड क्षेत्र के डुमरी चौक स्थित कर्बला मैदान में आयोजित डे-नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के रोमांचक फाइनल मुकाबले में सर्वर-11 मुजफ्फरपुर ने इंतेक़ाम-11 को हराकर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। फाइनल मैच में सर्वर-11 ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 116 रन बनाए और शानदार प्रदर्शन के दम पर मुकाबला अपने नाम कर लिया। टूर्नामेंट के समापन समारोह में मुख्य अतिथि मुखिया पुत्र एवं संभावित समिति प्रत्याशी राम विकास यादव ने विजेता टीम सर्वर-11 को बाइक एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। वहीं उपविजेता टीम इंतेक़ाम-11 को स्कूटी प्रदान की गई। इस अवसर पर थारू यादव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में डे-नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन युवाओं की प्रतिभा को निखारने का बेहतर माध्यम है। ऐसे आयोजनों से खिलाड़ियों को अपनी क्षमता प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है, साथ ही ग्रामीणों को स्वस्थ मनोरंजन भी उपलब्ध होता है। उन्होंने टूर्नामेंट के सफल आयोजन के लिए आयोजक समिति के सदस्यों की सराहना की। आयोजन को सफल बनाने में अजीत यादव, रंजीत यादव, बलीराम यादव, बिट्टू सिंह, अनिल यादव, जयकिशोर यादव, संतोष कुमार, अंकेश यादव, मुकेश यादव और मुन्ना आलम समेत कई लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। फाइनल मुकाबले को देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण दर्शक मैदान में मौजूद रहे। रातभर चले मैच के दौरान दर्शकों का उत्साह और खिलाड़ियों का जोश देखते ही बन रहा था। प्रतियोगिता के सफल आयोजन से क्षेत्र में खेलकूद गतिविधियों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

## शहर के बीचोंबीच चल रहे कथित सेक्स रैकेट का भंडाफोड़, 4 महिलाएं समेत 7 हिरासत में

बीएनएम @ बेतिया



**बेतिया**। शहर के कालीबाग थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक मकान में चल रहे कथित देह व्यापार के अड्डे पर छापेमारी कर चार महिलाओं समेत सात लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और सभी से पूछताछ की जा रही है। जानकारी के अनुसार, पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि शहर के बीचोंबीच स्थित एक मकान में महिलाओं से देह व्यापार कराया जा रहा है। सूचना के आधार पर कालीबाग थाना, नगर थाना एवं मानवबल की संयुक्त टीम ने छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान चार महिलाओं को हिरासत में लिया गया। मकान मालिक को भी पुलिस ने पूछताछ के लिए हिरासत में रखा है। सदर-1 एसडीपीओ अजीत कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में एक युवती नाबालिग प्रतीत हो रही है। उसकी उम्र का सत्यापन कराया जा रहा है। पूछताछ में पता चला है कि चार महिलाओं में से तीन पश्चिम चंपारण जिले की निवासी हैं, जबकि एक महिला गोरखपुर की बताई जा रही है। उसके पते का भी सत्यापन कराया जाएगा। पुलिस के अनुसार, हिरासत में लिए गए दो युवक स्थानीय निवासी हैं। हालांकि, अब तक किसी की भूमिका पूरी तरह स्पष्ट नहीं हो सकी है। सभी से गहन पूछताछ की जा रही है और जांच के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एसडीपीओ ने कहा कि मामले के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। उम्र सत्यापन, पहचान और भूमिका स्पष्ट होने के बाद ही विस्तृत जानकारी साझा की जाएगी।



## बढ़ती विषमता का आईना

आय कर रिटर्न्स से उभरा रुझान साफ है। भारत में प्रत्यक्ष कर राजस्व अधिक से अधिक धनी वर्गों पर निर्भर होता जा रहा है। वैसे, विषमता बढ़ने की पुष्टि हवाई यात्रा संबंधी ताजा आंकड़ों से भी हुई है। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए दाखिल हुए आयकर रिटर्न्स से देश में बढ़ रही आर्थिक गैर-बराबरी की झलक मिली है। एक अंग्रेजी वित्तीय अखबार के विश्लेषण के मुताबिक पांच लाख रुपये तक आमदनी वाले व्यक्तियों के रिटर्न की संख्या 2024-25 की तुलना में गिर कर लगभग आधी रह गई है। ऐसा संभवतः इसलिए हुआ कि गुजरे वित्त वर्ष में सरकार के आय कर दरों में बढ़ोतरी करने की वजह से बहुत से लोगों के लिए रिटर्न फाइल करने की अनिवार्यता नहीं रह गई। मगर इससे यह भी जाहिर होता है कि लोगों के क्रमिक रूप से ऊपर के आय वर्ग में शामिल होने का क्रम टूटा हुआ है। 2019-20 के बाद से 2022-25 तक पांच लाख से कम आबादी वाले वर्ग की ओर से सबसे ज्यादा रिटर्न फाइल होते थे। मगर अब पांच से दस लाख रुपये के बीच की आमदनी वाले समूह ने यह स्थान हासिल कर लिया है। 2024-25 में इस आय वर्ग में चार करोड़ 75 लाख रिटर्न फाइल हुए थे, जो पिछले वर्ष पांच करोड़ 45 लाख तक पहुंच गए। रुझान साफ है। भारत में प्रत्यक्ष कर राजस्व अधिक से अधिक धनी वर्गों पर निर्भर होता जा रहा है। वैसे, विषमता बढ़ने की पुष्टि हवाई यात्रा संबंधी ताजा आंकड़ों से भी हुई है। 2011-12 में हर दस लाख आबादी पर 649 परिवारों के 775 लोगों ने हवाई यात्रा की थी। तब कुल छह करोड़ 80 लाख हवाई यात्राएं हुईं। 2023-24 में हवाई यात्राओं की संख्या 15 करोड़ 37 लाख तक पहुंच गई। लेकिन ये यात्राएं हर दस लाख आबादी में 471 लोगों ने की, जो 469 परिवारों से आए। मतलब यह कि 2011 में हवाई यात्राओं की संख्या भले कम थी, मगर आबादी के हिसाब से यात्रियों का अनुपात कहीं बड़ा था। महंगी कारों एवं अन्य उपभोक्ता चीजों की खरीदारी के आंकड़ों से भी इसी रुझान का संकेत मिलता है। इसीलिए सरकार के विषमता घटने के दावों पर यकीन करना मुश्किल होता गया है। मसलन, पारिवारिक उपभोग खर्च सर्वे रिपोर्ट- 2023-24 में ऐसा दावा किया गया। जबकि आय एवं व्यय के अन्य आंकड़े कुछ और कहानी बताते हैं।

# रोहिणी नौतपा और बढ़ते तापमान का प्रभाव

**डॉ. सुमन शर्मा**

रोहिणी नौतपा भारतीय पारंपरिक ज्योतिष और लोक मान्यताओं में ग्रीष्म ऋतु के सबसे अधिक गर्म दिनों को कहा जाता है। यह वह समय माना जाता है जब सूर्य रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करता है और लगभग 9 दिनों तक अत्यधिक गर्मी पड़ती है। इसी कारण इसे "नौतपा" कहा जाता है — अर्थात नौ दिनों की तीव्र तपन।

सूर्य देव हर साल 25 मई को रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करते हैं। इस के साथ ही ज्येष्ठ महीने के सबसे गर्म 9 दिनों, नौतपा की शुरुआत होती है।

भारतीय परंपरा में महत्व एवं लोक मान्यता के अनुसार नौतपा के दौरान अच्छी गर्मी पड़ना मानसून के लिए शुभ माना जाता है। कहा जाता है कि यदि इन दिनों पर्याप्त गर्मी हो, तो वर्षा अच्छी होती है, किसान इसे खेती और वर्षा चक्र से जोड़कर देखते हैं। यह वैज्ञानिक नियम नहीं है, लेकिन लंबे अनुभवों के मौसम ज्ञान पर आधारित है।

ज्योतिष और लोक-परंपराओं के अनुसार, नौतपा का न तपना भारी नुकसान का संकेत माना जाता है। यदि इन 9 दिनों में गर्मी नहीं पड़ती या बारिश हो जाती है, तो मानसून चक्र प्रभावित होता है, कीट-पतंगों की संख्या बढ़ जाती है और फसलों को भारी नुकसान होने की आशंका रहती है। इन नौ दिनों में यदि बारिश हो जाय, तो कहते हे नौतपा गल गया।

नौतपा में धरती पर तेज गर्मी अपने चरम पर होती है। आमतौर पर यह अवधि मई के अंत से जून की शुरुआत तक (25 मई से 2 जून) मानी जाती है। इस दौरान तापमान तेजी से बढ़ता है, लू चलती है और दिन बेहद तपने वाले होते हैं।

नौतपा के दौरान सूर्य रोहिणी नक्षत्र में स्थित होता है , सूर्य का उत्तरी गोलार्ध की ओर अधिक झुकाव होता है। इस अवधि में सूर्य की किरणें अधिक सीधी पड़ती हैं, भूमि अत्यधिक गर्म हो जाती है, लू चलती है, तापमान वर्ष के उच्चतम स्तर पर पहुँच सकता है। इस समय पृथ्वी अपनी धुरी पर ऐसे झुकी होती है कि सूर्य की किरणें उत्तरी गोलार्ध (विशेष रूप से भारत जैसे देशों में) पर बिल्कुल सीधी और लंबवत पड़ती हैं, जिससे इन 9 दिनों में पृथ्वी पर गर्मी अपने चरम पर होती है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से इस अवधि (मई के अंत से जून की शुरुआत) के दौरान सूर्य पृथ्वी के सबसे करीब या भूमध्य रेखा के सबसे करीब होता है। पृथ्वी का अपनी कक्षा में लगभग (23.5◗) झुकाव होने के कारण, सूर्य की किरणें उत्तरी गोलार्ध में बहुत कम दूरी तय करके सीधे सतह पर पहुंचती हैं। वैज्ञानिक दृष्टि से पृथ्वी और सूर्य की स्थिति, वायुमंडलीय परिस्थितियों तथा गर्म हवाओं के कारण यह समय अत्यधिक गर्म होता है।

नवतपा के दौरान सावधानियाँ : दोपहर में धूप से बचें, पर्याप्त पानी पिएँ, हल्के सूती कपड़े पहनें, नींबू पानी आदि लें, बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखें।

जलवायु परिवर्तन और पृथ्वी के बढ़ते तापमान आज पूरी दुनिया के लिए गंभीर चिंता का विषय हैं। इसके पीछे अनेक वैज्ञानिक कारण कार्य कर रहे हैं। सरल शब्दों में समझें तो पृथ्वी का औसत तापमान लगातार बढ़ रहा है, जिससे मौसम के स्वरूप, वर्षा चक्र, समुद्र स्तर और प्राकृतिक संतुलन पर प्रभाव पड़ रहा है।

गर्मी में बढ़ते तापमान और भीषण लू (हीटवेव) के पीछे मुख्य कारण जलवायु परिवर्तन, ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन, और शहरों में पेड़ों की कटाई के कारण बढ़ता अर्बन हीट आइलैंड प्रभाव है बढ़ते तापमान और इसके लगातार विकराल रूप लेने के प्रमुख कारण जलवायु परिवर्तन , जीवाश्म ईंधन के अत्यधिक उपयोग और वनों की कटाई के कारण कार्बन डाइऑक्साइड (CO_2) और मीथेन जैसी ग्रीनहाउस गैसें वायुमंडल में जमा हो रही हैं। ये गैसें सूर्य की गर्मी को सोख लेती हैं और उसे अंतरिक्ष में जाने से रोकती हैं, जिससे पृथ्वी का औसत तापमान बढ़ रहा हैशहरी ऊष्मा द्वीप शहरों में कंक्रीट, डामर (कोलतार) वाली सड़कें और बहुमंजिला इमारतें दिन भर गर्मी को सोख लेती हैं और रात के समय उसे छोड़ती हैं। इसके अलावा, पेड़ों की अंधाधुंध कटाई से प्राकृतिक हरियाली खत्म हो गई है। वनों की कटाई पेड़ों के कटने से छाया और प्राकृतिक वाष्पीकरण की प्रक्रिया कम हो जाती है, जिससे आसपास के वातावरण में नमी घट जाती है और तापमान में उछाल आता है।मार्च-अप्रैल और मई के महीनों में धूल भरी आंधी और हल्की बारिश से तापमान में गिरावट आती है। इनमें कमी आने और वायुमंडल में उच्च दबाव का क्षेत्र बनने से गर्म हवाएं नीचे की तरफ धकेली जाती हैं, जिससे भीषण लू की स्थिति बनती है। प्रशांत महासागर में पानी के गर्म होने से भी मौसम का चक्र प्रभावित होता है, जो भारत और अन्य क्षेत्रों में हवाओं के पैटर्न और मानसून को बदल देता है, जिससे गर्मी का प्रकोप बढ़ जाता है।

गर्मियों में बढ़ते तापमान के कारण स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव, जैसे हीटस्ट्रोक से बचने के लिए हमेशा पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं।बाहर निकलते समय सिर और चेहरे को सूती कपड़े से ढक कर रखें।

ग्रीनहाउस प्रभाव ,पृथ्वी के वायुमंडल में कुछ गैसें ऐसी होती हैं जो सूर्य से आने वाली ऊष्मा को रोककर पृथ्वी को गर्म बनाए रखती हैं। इन्हें ग्रीनहाउस गैसें कहते हैं। मुख्य ग्रीनहाउस गैसें कार्बन डाइऑक्साइड (सीओ-2), मीथेन नाइट्रस ऑक्साइड जलवाष्प, क्लोरोफ्लोरोकार्बन। इन गैसों की सामान्य मात्रा पृथ्वी पर जीवन के लिए आवश्यक है, लेकिन जब इनकी मात्रा अत्यधिक बढ़ जाती है, तब अधिक ऊष्मा वायुमंडल में फँस जाती है और पृथ्वी का तापमान बढ़ने लगता है।

जीवाश्म ईंधनों का अत्यधिक उपयोग, औद्योगिक क्रांति के बाद से मानव द्वारा कोयला, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस का अत्यधिक उपयोग किया जाने लगा।इनके जलने पर बड़ी मात्रा में सीओ-2 उत्पन्न होती है।वाहन, बिजली उत्पादन संयंत्र, उद्योग, एयर कंडीशनर और मशीनें आदि इसके मुख्य कारण है।

रासायनिक अभिक्रिया इससे वायुमंडल में सीओ-2 की मात्रा लगातार बढ़ती जा रही है। वनों की कटाई , पेड़-पौधे प्रकाश संश्लेषण द्वारा सीओ-2 को अवशोषित करते हैं और ऑक्सीजन छोड़ते हैं।जब बड़े पैमाने पर जंगल काटे जाते हैं, सीओ-2 अवशोषण कम हो जाता है, वायुमंडल में कार्बन बढ़ता है, तापमान वृद्धि तेज होती है

औद्योगीकरण और प्रदूषण, कारखानों से निकलने वाला धुआँ, रसायन और गैसें वायुमंडल को प्रदूषित करती हैं। थर्मल पावर प्लांट, सीमेंट उद्योग, स्टील उद्योग, रासायनिक उद्योग, इनसे ग्रीनहाउस गैसों के साथ-साथ सूक्ष्म कण भी निकलते हैं, जो पर्यावरण और स्वास्थ्य दोनों को प्रभावित करते हैं।

वाहनों की बढ़ती संख्या, डीजल और पेट्रोल से चलने वाले वाहन, सीओ-2, कार्बन मोनोऑक्साइड, नाइट्रोजन ऑक्साइड जैसी गैसें छोड़ते हैं। आज महानगरों में तापमान वृद्धि का एक बड़ा कारण कंक्रीट, डामर सड़कें, कम हरियाली, गर्मी को अधिक अवशोषित करती हैं। मीथेन गैस का बढ़ना, मीथेन सीओ-2 से कई गुना अधिक प्रभावशाली ग्रीनहाउस गैस है।

ओजोन परत में क्षति, ओजोन परत सूर्य की हानिकारक पराबैंगनी किरणों से पृथ्वी की रक्षा करती है। सीएफसी गैसों के कारण ओजोन परत कमजोर होती है। ताप संतुलन प्रभावित होता है, यूवी विकिरण बढ़ता है। पर्यावरणीय असंतुलन उत्पन्न होता है।

समुद्र और बर्फ पर प्रभाव, बढ़ते तापमान के कारण ग्लेशियर पिघल रहे हैं, ध्रुवीय बर्फ घट रही है, समुद्र स्तर बढ़ रहा है, बर्फ के पिघलने से पृथ्वी की परावर्तन क्षमता कम हो जाती है। जब बर्फ कम होती है, तो पृथ्वी अधिक ऊष्मा अवशोषित करती है।

जनसंख्या वृद्धि और ऊर्जा की मांग, जनसंख्या बढ़ने से ऊर्जा खपत बढ़ती है, वाहन बढ़ते हैं, उद्योग बढ़ते हैं, प्राकृतिक संसाधनों का दोहन बढ़ता है, जिससे कार्बन उत्सर्जन में वृद्धि होती है।

समाधान एवं रोकथाम, दुनिया के कई देश जलवायु परिवर्तन रोकने के लिए मिलकर कार्य कर रहे हैं। व्यक्तिगत स्तर पर पेड़ लगाना, ऊर्जा बचाना, सार्वजनिक परिवहन का उपयोग, प्लास्टिक कम करना इत्यादि शामिल हे

जलवायु परिवर्तन मुख्यतः मानव गतिविधियों के कारण उत्पन्न समस्या है। जीवाश्म ईंधनों का उपयोग, वनों की कटाई, औद्योगिक प्रदूषण और बढ़ती ऊर्जा खपत ने पृथ्वी के तापमान को तेजी से बढ़ाया है। यदि समय रहते वैज्ञानिक उपाय और पर्यावरण संरक्षण के प्रयास नहीं किए गए, तो भविष्य में इसका प्रभाव और अधिक गंभीर हो सकता है।

# ट्रंप (अमेरिका) अब मजाक हैं !

**हरिशंकर व्यास**

कोई महाशक्ति कैसे मात्र एक नेता से अपने को गंवा बैठती है, अपनी हैसियत-पहचान का फलूदा बना देती है, इसके इन दिनों ढेरों प्रमाण हैं। अमेरिका ढाई सौ साल का होने वाला है। पर देश अपने उस राष्ट्रपति के 80वें जन्मदिन के तमाशों में है, जिसने छह वर्षों में अमेरिका को फूंका कारतूस बना डाला। अमेरिका और ट्रंप की इस मजबूरी पर सोचें कि वह ईरान को मनाने के लिए पाकिस्तान पर निर्भर है। सभी अब ट्रंप के अमेरिका की हैसियत समझ रहे हैं। इजराइल, इस्लामी देश याकि ईरान, कतर, पाकिस्तान, रूस, चीन सभी की निगाहों में अमेरिका मानों थोथा चना बाजे घना। अमेरिका इतना असहाय पहले कब था जो सैनिक मिशन ईरान को खत्म करने का था और अब उसी से समझौते के लिए ट्रंप मरे जा रहे हैं।

सोचें, ट्रंप ने कितनी बार कहा है कि अमेरिकी सेना ने ईरान का सब कुछ खत्म कर दिया। फिर कितनी बार बोला कि ईरान से समझौता बस होने को है। दो दिन पहले ईरान ने खबर उड़ाई कि समझौता होने के कगार पर। ट्रंप हड़बड़ा गए। जवाब था बकवास है, ईरान ने मसौदा जरूर भेजा है पर मैंने फैसला नहीं किया! उसी दिन फिर ट्रंप ने ईरान के पड़ोसी ओमान को खत्म करने की धमकी दी! इसलिए क्योंकि ईरान-ओमान दोनों होमुर्ज की खाड़ी में टोल वसूली का तानाबाना बुन रहे हैं।



ईरान के ऐसे साहस के गहरे अर्थ हैं। इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने ट्रंप से ईरान पर हमला करवाया। और अब ट्रंप पाकिस्तान के जनरल मुनीर की कूटनीति के झांसे में हैं। पाकिस्तान ने चालाक लोमड़ी की तरह अरब-खाड़ी देशों के इस्लामी देशों और चीन से अपनी ऐसी पंचायत बनाई है कि पश्चिम एशिया से अमेरिका के आउट होने और उसकी जगह पाकिस्तान की सैन्य उपस्थिति के अवसर बन गए हैं। इस कूटनीति को ईरान के सर्वोच्च नेता मोज्तबा खामेनेई ने भी जाहिर किया है। उन्होंने कहा है कि पश्चिम एशिया की ताकतें अब अमेरिकी सैन्य ठिकानों के लिए ढाल नहीं बनेंगी। इस क्षेत्र में अमेरिका के पास सुरक्षित ठिकाना नहीं रहेगा।

क्या अर्थ है? कतर, बहरीन, सऊदी अरब, ओमान, कुवैत, इराक सभी इस्लामी देश मानने लगे हैं कि अमेरिका न काम का न काज का। इसलिए क्योंकि न वह ईरान के घुटने टिका सका और न उसके मिसाइल, ड्रोन हमलों से इन देशों को बचा सका। उलटे अमेरिकी सैन्य अड्डों के होने से ईरान ने उन पर भी हमला किया। इलाके के मुसलमानों में ईरान का समर्थन दिखा। इसलिए अमेरिकी सैन्य ठिकानों को बनाए रखना जोखिम है न कि सुरक्षा की गारंटी। ऐसे में अरब-खाड़ी के इस्लामी देशों को किसकी जरूरत है? इस्लामी सैन्य महाशक्ति पाकिस्तान की है, व्यापार और कमाई वाले चीन की है। गाजा, लेबनान में इजराइल के तांडव के आगे ईरान की भी है। इस तरह सामरिक, रणनीतिक, कूटनीतिक आदि के कामों में कभी वॉशिंगटन विश्व गुरू था। तभी उसकी वैश्विक चौधराहट थी। विश्व व्यवस्था में स्थिरता थी, संतुलन था। लेकिन सिर्फ और सिर्फ पैसे के लोभी तथा प्रॉपर्टी डीलर की तासीर में रंगे हुए ट्रंप ने, अपने आपको ईसा का अवतार जतलाते हुए अमेरिकियों को ऐसा मूर्ख बनाया जो अमेरिकी दिमाग भी कॉकरोच की दशा की और है। बुद्धि हाशिए में और झूठ का बोलबाला। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय, पेंटागन हो या विदेश-वाणिज्य-वित्त संबंधी मंत्रालय और उसके तमाम दिमागी थिंक टैंक सभी की सांसें वैसी ही खोखली हैं, जैसे बारह वर्षों से भारत में है। सोचें, कभी जी-7 देशों, यूरोपीय नेताओं के साथ अमेरिकी राष्ट्रपति का विचार-विमर्श व साझा था। अब ट्रंप पाकिस्तानी नेताओं, कतर, सऊदी अरब, बहरीन के शेखों, इजराइल के नेतन्याहू या पुतिन, शी जिनपिंग से चोंच लड़ाते हैं। गुजरे सप्ताह गजब हुआ जो नेतन्याहू के प्रभाव में ट्रंप ने मुस्लिम नेताओं से बात की। तुर्किए के राष्ट्रपति एर्दोआन, सउदी अरब, यूएई, मिस्त्र और पाकिस्तान, शेखों, प्रधानमंत्रियों, राष्ट्रपति से बात कर उन्होंने कहा इस्लामी देशों को अब्राहम अकॉड्र्स मानते हुए इजराइल से कूटनीतिक रिश्ते बना कर दोस्ती करनी चाहिए। तभी शांति होगी। एक तरफ दुनिया का हर मुसलमान गाजा, लेबनान, ईरान में इजराइल-अमेरिका के हमलों के विध्वंस का लाइव साक्षी है वही ट्रंप की ऐसी खामोख्याली। पाकिस्तान ने ट्रंप को तुरंत हैसियत दिखाई। उसके रक्षा मंत्री याकि जनरल मुनीर के बॉस ख्वाजा आसिफ ने कहा पाकिस्तान अपनी मौलिक विचारधाराओं से कतई समझौता नहीं कर सकता। 'हम उन लोगों के साथ कैसे बैठ सकते हैं, जिनकी बात पर एक दिन के लिए भी भरोसा नहीं किया जा सकता6। बावजूद इसके वही ट्रंप प्रशासन उम्मीद में है कि पाकिस्तान जैसे-तैसे ईरान से सौदा पटाए। ऐसे अमेरिका की क्या कभी किसी ने कल्पना की?




**मेष राशि** : मेष राशि वालों आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपको घर के बड़ों से कुछ प्रेरणा मिलेगी। आज आप जो भी काम शुरू करेंगे, वो सफल होगा। आज आपका स्वास्थ्य पहले से उत्तम रहेगा। रिश्तेदार आज आपको बिजनेस को बढ़ाने के लिए सुझाव देंगे। समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। बड़े बुजुर्ग आपके व्यवहार से प्रसन्न रहेंगे, आज आपको वाहन चलाते समय खास सावधानी बरतने की आवश्यकता है। शुभ अंक-3

**वृष राशिः** वृष राशि वालों आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज पूरा दिन खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। आपके आस पास सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। लोग आपके व्यवहार से खुश रहेंगे। आप किसी बड़े बिजनेस ग्रुप से पार्टनरशिप करने पर विचार करेंगे। आज आपको उम्मीद से ज्यादा धन लाभ होने वाला है। कला के क्षेत्र से जुड़े लोगों का समाज में मान सम्मान बढ़ेगा। आपकी क्रिएटिविटी की लोग सराहना करेंगे। दाम्पत्य जीवन में मधुरता आएगी। शुभ अंक- 6

**मिथुन राशिः** मिथुन राशि वालों आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। विद्यार्थियों को सफलता मिलने के योग बने हुए हैं, लेकिन पढ़ाई में और मेहनत करने की जरूरत है। आज घरवालों के साथ अच्छा समय बिताने को मिलेगा, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा। ऑफिस में सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा। जूनियर आपसे काम सीखना चाहेंगे।

**कर्क राशिः** कर्क राशि वालों आज आपका दिन सामान्य रहने वाला है। आज पैसों के लेन देन में सावधानी बरतें। नौकरी कर रहे लोगों को आज अपना काम पूरा करने के लिए थोड़ा अधिक मेहनत करने की जरूरत है। छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा का बेहतर परिणाम मिलेगा। स्वास्थ्य के लिहाज से आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आज नए लोगों के साथ जुड़ने से आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा।शुभ अंक- 8

**सिंह राशिः** सिंह राशि वालों आज पूरे दिन भाग्य आपके साथ रहेगा। आज किसी अनजान व्यक्ति के सहयोग से आपका मन प्रसन्न रहेगा। लवमेट आज अपने रिश्ते के बारे में घरवालों को बताएंगे, घरवाले इस पर विचार भी करेंगे। इस राशि के कैमिस्ट शॉप वाले लोगों को अच्छा मुनाफा होगा। आज आप अपने खर्चों पर नियंत्रण बनाने की योजना बनाएंगे। महिलाएं आज रसोईघर में व्यस्त रहेंगी। दाम्पत्य जीवन में खुशियां बरकरार रहेंगी। शुभ अंक- 1

**कन्या राशिः** कन्या राशि वालों आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आपको सरकारी कामों में कुछ लोगों से राय मिलेगी, जिससे आपका काम आसान हो जायेगा। आपका पुराना दोस्त आपको फोन कर के सरप्राइज देगा। आपकी किसी जरूरी बात पर घर वाले सहमति जतायेंगे। तरक्की आज आपके कदम चूमेगी। आपको अपना कारोबार बढ़ाने के लिए आज कई मौके मिलेंगे।

**तुला राशिः** तुला राशि वालों आज का दिन मिली जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। आप सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेंगे। घर पर ही परिवारवालों के साथ धार्मिक कार्यों का आयोजन करेंगे। आज आपकी तरक्की के कई रास्ते खुलेंगे। ऑफिस के काम को थोड़ा संभलकर करने की जरूरत है। आपके काम की शिकायत हो सकती है।

**वृश्चिक राशिः** वृश्चिक राशि वालों आज आपको किसी अपने से अच्छी खबर मिलने के योग बने हुए हैं। आज आप अपने घरेलू कार्यों को पूरा करने में सफल होंगे। आज आपके सकारात्मक रवैये से जीवनसाथी प्रसन्न रहेंगे। जीवनसाथी के साथ किसी धार्मिक स्थल पर दर्शन करने जायेंगे। मार्केटिंग की जॉब कर रहे लोगों से आज अच्छा क्लाइंट जुड़ेगा।

**धनु राशिः** धनु राशि वालों आज का दिन जीवन में मील का पत्थर साबित होगा। आज व्यापार में किसी ऐसी कंपनी के साथ डील फाइनल होगी, जो आपको उम्मीद से अधिक फायदा करायेगी। वकीलों के लिये आज का दिन अच्छा रहेगा, नया केस हाथ लगेगा। दाम्पत्य जीवन में खुशहाली आएगी। जीवनसाथी के साथ अच्छी मूवी देखने का मन बनायेंगे।

**मकर राशिः** मकर राशि वालों आज आपका दिन ठीक ठाक रहने वाला है। आज आपको किसी भी प्रकार के विवादों से दूर रहने की आवश्यकता है। आज बिना सोचे समझे किसी अजनबी पर भरोसा ना करें। इस राशि के छात्रों को आज ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी।

**कुंभ राशिः**कुंभ राशि वालों आज आपके हर परेशानी का हल चुटकियों में निकल जायेगा। ऑफिस में आप किसी प्रोजेक्ट के लिये अपनी बेहतरीन राय देंगे। बॉस आपके काम की तारीफ करेंगे। आज आप लेखन कार्यों में रुचि लेंगे। आपका लेखन और अच्छा होगा। आज आपकी बातें दूसरों पर प्रभाव डालेंगी।

**मीन राशिः** मीन राशि वालों आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। बड़े निर्णय लेने के लिए दिन अच्छा है। किसी नयी बिजनेस डील के लिए ऑफर मिलेगा। आप जीवनसाथी के साथ घर के कार्यों को पूरा करने में व्यस्त रहेंगे। मेडिकल की पढ़ाई कर रहे छात्रों के लिए दिन अच्छा है। बेटी के ससुराल पक्ष से बड़ी खुशखबरी मिलेगी। बच्चे आज अपनी पढ़ाई के प्रति सीरियस रहेंगे।

# गुटखा प्रतिबंधित फिर भी 42 फ़ीसद बढ़े ओरल कैंसर के मरीज

**सनत जैन**

केंद्र सरकार और राज्य सरकारों द्वारा ओरल कैंसर के मामलों को रोकने के लिए पिछले 12 वर्षों से गुटखा प्रतिबंध लागू कर रखा है। इसके बाद भी ओरल कैंसर के मरीजों की संख्या कम होने के स्थान पर साल-दर-साल बढ़ती चली जा रही है। सरकारी दावे और जमीनी हकीकत दोनों एक दूसरे के विपरीत हैं। 1 अप्रैल 2012 को मध्य प्रदेश सरकार ने गुटके पर प्रतिबंध लगाया था, उसके बाद गुटखा कंपनियों ने तुम डाल-डाल हम पात-पात की नीति अख्तियार करते हुए पैकिंग को बदल दिया। पान मसाला और तंबाकू की पैकिंग को अलग-अलग करते हुए ग्राहकों को पान मसाला के साथ तंबाकू के पैकेट को भी साथ में दिया जाने लगा, जिसके कारण सरकार ने जो प्रतिबंध लगाया था वह एक छलावा बनकर रह गया है। सरकार के आदेश पर गुटखा की पैकिंग में यह चेतावनी भी प्रकाशित की जाने लगी कि गुटखा खाना जानलेवा है। इस प्रकार प्रतिबंध लगाते समय जो सरकार ने सोचा था ठीक उसके विपरीत परिणाम देखने को मिल रहे हैं। तंबाकू और पान मसाला की पैकिंग अलग-अलग होने के कारण पहले निश्चित मात्रा में गुटखा के पाउच के साथ मिली हुई तंबाकू आती थी, लेकिन जब से पैकिंग अलग हुई है उसके बाद लोगों ने ज्यादा तंबाकू खाना शुरू कर दिया है, वह अपनी इच्छा के अनुसार पान मसाले में तंबाकू मिला लेते हैं।




हाल ही में मध्य प्रदेश के जवाहरलाल नेहरू कैंसर अस्पताल के जो आंकड़े सामने आए हैं उसके अनुसार पिछले 14 वर्षों में ओरल कैंसर के मामले 42 फ़ीसदी तक बढ़ गए हैं। हर साल इसमें वृद्धि देखने को मिल रही है। 2012 में इस अस्पताल में 1836 ओरल कैंसर के मरीज आए थे जो 2025 में बढ़कर 2614 हो गए। यह केवल एक कैंसर हॉस्पिटल का आंकड़ा है। देश में इस बीच में कई कैंसर के नए अस्पताल खुले हैं, उनमें भी ओरल कैंसर के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती चली जा रही है। कैंसर हॉस्पिटल और डॉक्टरों द्वारा इस पर चिंता व्यक्त की जा रही है। सरकार के प्रतिबंध लगाने के बाद गुटखा खाने वालों की संख्या पहले की तुलना में और ज्यादा बढ़ी है। पान मसाला और तंबाकू की अलग-अलग पैकिंग होने के कारण तंबाकू बड़े पैमाने पर खाई जा रही है। ओरल कैंसर के मरीज जो गुटखा खाते हैं कुछ समय के बाद उनका मुंह पूरा नहीं खुलता है। तंबाकू में मौजूद हानिकारक नाइट्रोसामाइंस गलों के अंदर की कोशिकाओं के डीएनए को सीधे नुकसान पहुंचाते हैं। इसके बाद इसमें ट्यूमर बनने की प्रक्रिया शुरू हो जाती है। पान मसाला में चूना मुंह की त्वचा को नुकसान पहुंचता है। तंबाकू में मौजूद निकोटिन और कर्सीनोजेनिक रसायन खून के साथ मिलकर तेजी के साथ ट्यूमर बनाने की प्रक्रिया में शामिल होते हैं, जिसके कारण ओरल कैंसर के मरीज का मुंह पूरा नहीं खुल पाता है, उसे खाने-पीने में तकलीफ होने लगती है। लगातार दर्द बढ़ता चला जाता है। ऐसी हालत में ओरल कैंसर के मरीज को ठीक कर पाना बहुत मुश्किल होता है।

सरकार तरह-तरह के नियम और कानून बनाती है लेकिन उनका पालन कागजों तक सीमित होकर रह जाता है। जमीनी हकीकत ठीक इसके विपरीत होती है। गुटखा के इस कारोबार में भारी पैसा गुटका कंपनी कमाती हैं, जितना गुटका एक नंबर में बिकता है उससे कई गुना ज्यादा गुटका दो नंबर में बिकता है, जिसके कारण सरकार को एक्साइज ड्यूटी और जीएसटी का बड़ा नुकसान उठाना पड़ता है। विज्ञापनों पर भी प्रतिबंध लगाया गया है लेकिन पान पसंद पान मसाला के नाम पर बड़े पैमाने पर विज्ञापन प्रकाशित किए जाते हैं। प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और सोशल मीडिया में गुटका कंपनियों के विज्ञापन पहले की तुलना में और भी बढ़ गए हैं। सरकार के पास सही आंकड़े उपलब्ध नहीं होते हैं। गुटखा कंपनियों के इस कारोबार में खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण की कोई निगरानी नहीं होती है। इसके पास निगरानी करने के लिए पर्याप्त संख्या में अधिकारी और कर्मचारी ही नहीं है। ऐसी स्थिति में खाद्य सुरक्षा के नाम पर गुटखा कंपनियों से वसूली करके यह विभाग आंख मूंद लेता है। गुटका का उत्पादन और विक्रय अघोषित तरीके से होने के कारण पुलिस, आयकर विभाग, जीएसटी, एक्साइज विभाग इत्यादि सभी की मिलीभगत होती है जिसके कारण ओरल कैंसर को रोकने के लिए सरकार द्वारा समय-समय पर जो भी प्रयास किए गए हैं वह सब कागजों तक सीमित रह गए हैं।

केंद्र सरकारों और राज्य सरकारों का दायित्व है कि वह केवल तंबाकू को कैंसर का कारण मानकर आंख मूँदकर नहीं बैठे रहें। खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के नियमों का पालन सुनिश्चित हो इसके लिए पर्याप्त संख्या में अधिकारियों और कर्मचारियों को तैनात करें, जो खाने-पीने की सभी चीजों का समय-समय पर परीक्षण करें।

प्रकाशक एवं स्वामी सागर सूरज, द्वारा सरोतर निवास, राजाबाजार-कचहरी रोड, मोतिहारी, बिहार-845401 से प्रकाशित व प्रकाश प्रेस मोतिहारी से मुद्रित, संपादक-सागर सूरज* फोन न.9470050309 प्रसारः-9931408109 ईमेलः-bordernewsmirror@gmail.com वेबसाइटः-bordernewsmirror.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) RNI. N. BIHBIL/2022/88070

# ऑरेंज कैप सहित कई अवार्ड जीतने वाले वैभव सूर्यवंशी का लक्ष्य है टेस्ट क्रिकेट खेलना

**एजेंसी, मुम्बई**

आईपीएल के 19 वें सत्र में 15 साल के उभरते हुए क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी छाये रहे हैं। राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेलते हुए वैभव ने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से कई रिकार्ड बनाने के साथ ही सबसे अधिक रनों के लिए मिलने वाली ऑरेंज कैप भी हासिल की है। वैभन ने इस टूर्नामेंट में सबसे अधिक 776 रन बनाकर ऑरेंज कैप हासिल करने के साथ ही कई रिकार्ड भी तोड़े। इसी कारण उन्हें ऑरेंज कैप के साथ-साथ ही मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर, इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द सीजन, सुपर स्ट्राइकर ऑफ द सीजन और सुपर सिक्सेज ऑफ द सीजन जैसे कुल 5 बड़े अवॉर्ड मिले हैं हालांकि वैभव ने इस दौरान कहा कि उनका लक्ष्य सभी प्रारुपों में खेलना है और वह केवल टी20 तक ही सीमित नहीं रहना चाहते हैं। अवॉर्ड समारोह





के बाद वैभव ने अपने भविष्य की योजनाओं का खुलासा किया। जब उनसे उनकी योजनाओं को लेकर पूछा गया तो उन्होंने टेस्ट क्रिकेट खेलने की इच्छा जतायी और कहा कि वह लाल गेंद के प्रारुप के लिए गंभीरता से अभ्यास कर रहे हैं।

ये कहा जाता है कि वैभव एक आक्रामक बल्लेबाज हैं और वह वह सीमित ओवरों के प्रारुप के लिए ही ठीक है। इस धारणा को लेकर वैभव ने कहा, मेरा खेल स्वाभाविक तौर पर आक्रामक है, इसलिए हर किसी को लगता है कि मैं हर गेंद पर शॉट खेलने का प्रयास करता हूं पर मेरा लक्ष्य टेस्ट क्रिकेट भी खेलना है। इसका कारण ये है कि मेरे पिता का मानना है कि टेस्ट क्रिकेट ही असली क्रिकेट है। वैभव ने कहा, मेरे पिता ने मुझसे हमेशा कहा है कि टेस्ट क्रिकेट ही इस खेल का सबसे शुद्ध रूप है। इस बात से साफ है कि वह केवल सफेद गेंद तक ही सीमित नहीं रहना चाहते हैं और टेस्ट प्रारुप में भी अपना प्रभाव दिखाना चाहते हैं और इसके लिए अवसर की प्रतीक्षा कर रहे हैं। आईपीएल के दौरान भी वह वह लगातार टेस्ट प्रारुप के लिए अभ्यास करते आये हैं। आईपीएल 2026 में ऑरेंज कैप जीतना वैभव की असाधारण प्रतिभा और मैच जिताने की क्षमता दिखाता है। इसके साथ ही उनमें खेल की गहरी समझ भी है। इसी कारण अब वैभव टेस्ट क्रिकेट में अपनी क्षमताएं दिखाना चाहते हैं।

## बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने की भुवनेश्वर की जमकर प्रशंसा

### प्रशंसकों ने की टीम इंडिया में वापसी की मांग

**एजेंसी, अहमदाबाद**

अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने जिस प्रकार से इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 19वें सत्र में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) की लगातार दूसरी खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई है। उससे एक बार फिर भुवनेश्वर की टीम इंडिया में वापसी की मांग जोर पकड़ने लगी है। प्रशंसकों और कई पूर्व क्रिकेटरों का मानना है कि भुवनेश्वर फार्म में हैं, ऐसे में उन्हें शामिल किया जाना चाहिये। 36 साल के इस तेज गेंदबाज ने 16



मैचों में कुल 28 विकेट लेकर साबित किया कि उसमें काफी काफी क्रिकेट बचा हुआ है। अब देखना होगा कि उन्हें टीम में अवसर मिलता है या नहीं। आईपीएल फाइनल के बाद, जब बीसीसीआई के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने आरसीबी और गुजरात टाइटंस दोनो ही टीमों की प्रशंसा की हालांकि उन्होंने भुवनेश्वर का विशेष रूप से नाम लिया। शुक्ला ने कहा कि, गेंदबाजी में भुवनेश्वर का रिवाइवल अद्भुत है। भुवी ने जिस अंदाज में गेंदबाजी की है, वह वाकई जबरदस्त है। वह एक पुराने खिलाड़ी जरूर हैं, लेकिन जिस तरह से वह इस सत्र में उभर कर सामने आए हैं, उसे किसी भी सूरत में नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उनके इस बयान से प्रशंसक अंदाज लगा रहे हैं कि अब भूवी को अवसर मिल सकता है। गौरतलब है कि भुवनेश्वर ने भारत के लिए अपना अंतिम अंतरराष्ट्रीय मैच लगभग चार साल पहले खेला था। उन्होंने 2022 में न्यूजीलैंड के खिलाफ उनकी धरती पर तीन मैचों की टी-20 सीरीज में भारतीय जर्सी पहनी थी। अपने करियर में, इस अनुभवी तेज गेंदबाज ने भारत के लिए 21 टेस्ट, 121 वनडे और 87 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं।

## सिंधु ने बीडब्ल्यूएफ के नये प्रारुप को लेकर आशंकाएं जतायीं

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु अगले साल से लागू होने वाले विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) बैडमिंटन के नए 15-अंक के प्रारुप को लेकर उत्साहित नहीं हैं। सिंधु का मानना है कि ये थकानभरा और चुनौतीपूर्ण साबित होगा। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधु के अनुसार ये नया प्रारुप आक्रामक खिलाड़ियों के लिए ही लाभदायक रहेगा पर इससे खेल में शारीरिक और मानसिक थकान बढ़ जाएगी। गौरतलब है कि बीडब्ल्यूएफ ने हाल ही में 15 अंक वाले तीन गेम की स्कोरिंग प्रणाली को मंजूरी दी है, इसे 4



जनवरी 2027 से लागू किया जाना है। इस घोषणा के बाद से ही खिलाड़ियों के ने इस नए प्रारूप को लेकर अपनी प्रतिक्रियाएं दी हैं। सिंधु हाल ही में बीडब्ल्यूएफ 'एथलीट्स आयोग' की अध्यक्ष बनी हैं। उन्होंने पहले भी बताया है कि अधिकतर खिलाड़ी अब भी 21-अंक प्रणाली को बैडमिंटन के आकर्षण, लय और रणनीतिक गहराई के लिहाज से कही बेहतर मानते हैं। सिंधु ने नए स्कोरिंग प्रणाली पर विस्तार को लेकर कहा, "हां, मुझे लगता है कि यह आक्रामक खिलाड़ियों के लिए फायदेमंद है, लेकिन आपको शुरुआत से ही तेज होना होगा। आप शुरुआत में खुद को सेट नहीं कर सकते, तुरंत आक्रामक और तेज रहना होगा।" उन्होंने कहा, "यह बहुत थकाऊ होगा और आपको हर समय सतर्क रहना पड़ेगा। यह मानसिक और शारीरिक रूप से बहुत थका देने वाला होगा क्योंकि आपको लगातार हर तरफ सक्रिय रहना होगा।"

## आरसीबी लगातार दो बार आईपीएल खिताब जीतने वाली तीसरी टीम बनी

**एजेंसी, अहमदाबाद** । रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 19 वें सत्र का खिताब जीतने के साथ ही एक अहम उपलब्धि अपने नाम की है। रजत पाटीदार की कप्तानी में आरसीबी ऐसी तीसरी टीम बन गयी है जो लगातार दूसरी बार आईपीएल खिताब जीतने में सफल रही है। ये कारनाम सबसे पहले, महेंद्र सिंह धोनी की करिश्माई कप्तानी में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने 2010 और 2011 में लगातार दो बार खिताब जीतकर किया था। इसके बाद, रोहित शर्मा की कप्तानी में मुंबई इंडियंस (एमआई) ने साल 2019 और 2020 में यह उपलब्धि हासिल की थी। अब, रजत पाटीदार की कप्तानी में आरसीबी ने लगातार दूसरे बार खिताब जीत है। उससे गत वर्ष पंजाब किंग्स को हराकर खिताब जीता था जबकि इस साल गुजरात टाइटंस को हराया है। इससे पता चलता है कि टीम लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रही है। इस ऐतिहासिक जीत के साथ ही आईपीएल के प्लेऑफ प्रारुप में क्वालीफायर-1 की विजेता टीम की जीत का क्रम बना हुआ है। 2011 से लागू प्लेऑफ प्रारुप में देखा गया है कि लीग स्तर में जिन शीर्ष दो टीमों के बीच क्वालीफायर-1 खेला जाता है, जिसकी विजेता टीम सीधे फाइनल में पहुंची है।

## बार्सिलोना की ओर से खेलने वाले इंग्लैंड के तीसरे फुटबॉलर बने गॉर्डन

**एजेंसी, मैड्रिड**

इंग्लैंड के फुटबॉलर एंथनी गॉर्डन अब एफसी बार्सिलोना क्लब की ओर से खेलते हुए नजर आयेंगे। इससे पहले गॉर्डन न्यूकैसल यूनाइटेड से खेलते थे। वहीं अब बार्सिलोना ने गॉर्डन के साथ करार की पुष्टि की है। गॉर्डन को छह साल के लिए शामिल किया गया हैं। इस हस्ताक्षर के साथ वह गैरी लिनेकर और मार्कस रैशफोर्ड के बाद कैटलन क्लब का प्रतिनिधित्व करने वाले इंग्लैंड के तीसरे खिलाड़ी बन गए हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, मैड्रिड में अपने सफल चिकित्सा परीक्षण के



बाद गॉर्डन के साथ करार पूरा हुआ। बार्सिलोना में शामिल होने के बाद, गॉर्डन ने अपनी पुरानी इच्छा व्यक्त की। उन्होंने कहा, मैं तीन साल की उम्र से ही इस टीम के लिए खेलने को लेकर उत्साहित था। बचपन में मुझे लगता था कि मैं बार्सिलोना के लिए फुटबॉल खेलूंगा, इसलिए मैं स्पैनिश बोलना चाहता था। उन्होंने साथ ही कहा कि न्यूकैसल में उनके एक फिजियो से वह हर दिन बात करते थे और उन्हें बताते थे कि एक दिन वह बार्सिलोना के लिए खेलेंगे। उन्होंने क्लब को दुनिया का सबसे बड़ा क्लब बताते हुए, बार्सिलोना के लिए खेलने के अपने बचपन के सपने को साकार करने पर खुशी जतायी है। हाल ही में समाप्त हुए सीज़न में, बार्सिलोना ने गॉर्डन की प्रतिभा को चैंपियंस लीग में करीब से देखा था, जहाँ उन्होंने न्यूकैसल को बार्सिलोना के खिलाफ 2-1 की जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

# बिजनेस

## एमआर मनिवेनी की शेयर बाजार में निराशाजनक शुरुआत, अपर सर्किट के बावजूद घाटे में आईपीओ निवेशक

**एजेंसी, नई दिल्ली**

फूड प्रोसेसिंग, पैकेजिंग और मार्केटिंग का काम करने वाली कंपनी एमआर मनिवेनी फूड्स के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में जबरदस्त डिस्काउंट के साथ एंट्री करके अपने आईपीओ निवेशकों को निराश कर दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 52 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी लिस्टिंग 18.17 प्रतिशत डिस्काउंट के साथ 42.55 रुपये के स्तर पर हुई।

लिस्टिंग के बाद खरीदारों ने लिवाली शुरू कर दी, जिससे थोड़ी देर में ही ये शेयर उछल कर 44.70 रुपये के अपर सर्किट लेवल पर पहुंच गया। अपर सर्किट लगने के बावजूद पहले दिन के कारोबार में कंपनी के आईपीओ निवेशक प्रति शेयर 7.30 रुपये यानी 14.04 प्रतिशत के नुकसान में थे। एमआर मनिवेनी फूड्स का 27.04 करोड़ रुपये का आईपीओ 22 से 26 मई के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से फीका रिस्पॉन्स मिला था,




जिसके कारण ये ओवरऑल 1.74 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन सौ प्रतिशत सब्सक्राइब हुआ था। वहीं नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 1.88 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसी तरह रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 2.09 गुना सब्सक्राइब हो सका था।

इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 52 लाख नए शेयर जारी किए गए हैं। आईपीओ के जरिये जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी नया प्लांट तैयार करने और मशीनरी खरीदने, वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने और आम कॉरपोरेट उद्देश्यों में करेगी। कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें, तो कैपिटल मार्केट रेगुलेटर सेबी के पास जमा कराए गए ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत में लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी को 1.56 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़कर 2.18 करोड़ रुपये हो गया। इसके अगले वित्त वर्ष 2024-25 में कंपनी शुद्ध लाभ उछल कर 4.13 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में अप्रैल से 31 दिसंबर 2025 तक कंपनी को 3.34 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हो चुका था। इस दौरान कंपनी की राजस्व प्राप्ति में भी बढ़ोतरी हुई। वित्त वर्ष 2022-23 में इसे 119.61 करोड़ का कुल राजस्व प्राप्त हुआ, जो वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़ कर 155 करोड़ और वित्त वर्ष 2024-25 में उछल कर 203.52 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में अप्रैल से 31 दिसंबर 2025 तक कंपनी को 116.19 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ था। इस अवधि में कंपनी के कर्ज में लगातार बढ़ोतरी होती रही। वित्त वर्ष 2022-23 के अंत में कंपनी पर 9.93 करोड़ रुपये के कर्ज का बोझ था, जो वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़कर 15 करोड़ रुपये और वित्त वर्ष 2024-25 में उछल कर 20.46 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में अप्रैल से 31 दिसंबर 2025 तक कंपनी पर लदे कर्ज का बोझ बढ़कर 22.40 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया था। इस अवधि में कंपनी के नेटवर्थ में भी बढ़ोतरी हुई।

## सर्राफा बाजार में मामूली गिरावट, सोना और चांदी की फीकी पड़ी चमक

**एजेंसी, नई दिल्ली**

घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान मामूली गिरावट का रुख नजर आ रहा है। भाव में आई गिरावट के कारण देश के सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,57,030 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,59,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं 22 कैरेट सोना आज 1,43,940 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,46,290 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। इसी तरह, चांदी के भाव में आई मामूली कमजोरी के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 2,79,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,57,180 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,44,090 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,57,030 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,43,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,57,080 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,43,990 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

## फिर महंगा हुआ कमर्शियल गैस सिलेंडर, घरेलू सिलेंडर के भाव में बदलाव नहीं

**एजेंसी, नई दिल्ली**

देश की ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने एलपीजी सिलेंडर की कीमत में एक बार फिर बढ़ोतरी करने का ऐलान किया है। हालांकि कीमत में की गई ये वृद्धि सिर्फ 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल गैस सिलेंडर और पांच किलोग्राम वाले छोटू सिलेंडर तक ही सीमित है। घरेलू इस्तेमाल में आने वाले 14.2 किलोग्राम के एलपीजी सिलेंडर की कीमत में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में 42 रुपये से लेकर 53.50 रुपये तक की बढ़ोतरी की है। सिलेंडर की नई कीमत आज से ही लागू हो गई है। इससे पहले पिछले महीने की पहली तारीख यानी एक मई को कमर्शियल सिलेंडर की कीमत में लगभग एक हजार रुपये की बढ़ोतरी की गई थी। दिल्ली में ये बढ़ोतरी 993 रुपये की थी, जबकि कोलकाता में कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत 998.50 रुपये हो गई थी। इसी तरह मुंबई में कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में 993 रुपये की बढ़ोतरी हुई थी। वहीं चेन्नई में कमर्शियल गैस



सिलेंडर 990.50 रुपये महंगा हो गया था। कीमत में आज की गई बढ़ोतरी के बाद राजधानी दिल्ली में कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमत 3,113.50 रुपये और कोलकाता में कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत बढ़ कर 3,255.50 रुपये के स्तर पर पहुंच गई है। मुंबई में कमर्शियल गैस सिलेंडर आज सुबह से 3,063.50 रुपये के भाव पर मिल रहा है, जबकि चेन्नई में कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत बढ़ कर 3,281.50 रुपये हो गई है। कमर्शियल गैस सिलेंडर की तरह ही छोटू सिलेंडर के नाम से मशहूर पांच किलोग्राम वाले फ्री ट्रेड एलपीजी (एफटीएल) सिलेंडर की कीमत में भी आज से 11 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। इस बढ़ोतरी के बाद पांच किलोग्राम वाले एफटीएल सिलेंडर की कीमत बढ़कर 821.50 रुपये से लेकर 832.50 रुपये तक हो गई है। जहां तक घरेलू इस्तेमाल में आने वाले 14.2 किलोग्राम वाले एलपीजी सिलेंडर की बात है, तो इसकी कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ है। घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत में आखिरी बार बदलाव इस साल सात मार्च 2026 को हुआ था। सात मार्च को घरेलू गैस सिलेंडर के मूल्य में 60 रुपये तक की बढ़ोतरी की गई थी। देश की प्रमुख ऑयल मार्केटिंग कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार बिना सब्सिडी वाले 14.2 किलोग्राम वाले घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत फिलहाल में दिल्ली में 913 रुपये है।

## यूपीआई के जरिए मई में 29.9 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर हुआ लेनदेन

**एजेंसी, नई दिल्ली**

यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) के जरिये लेन-देन मई महीने में रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। गर्मियों में यात्रा और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के प्रभाव से इस दौरान कुल लेन-देन मूल्य 29.90 लाख करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया, जबकि संख्या 23.2 अरब रही। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) की ओर से सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार गर्मियों की यात्रा और आईपीएल के बुखार के चलते मई महीने में लोकप्रिय यूपीआई के जरिए होने वाले ट्रांजेक्शन (लेन-देन) रिकॉर्ड स्तर पर पहुच गया।




एनपीसीआई के अनुसार मूल्य के हिसाब से यह 29.90 लाख करोड़ रुपये और संख्या (वॉल्यूम) के हिसाब से 23.2 अरब तक पहुच गया। पिछले वर्ष इसी महीने में यह 25.14 लाख करोड़ रुपये रहा था, जो सालाना आधार पर 19 फीसदी वृद्धि दर्शाता है। अप्रैल में लेन-देन का मूल्य 29.03 लाख करोड़ रुपये था। आंकड़ों के अनुसार संख्या के लिहाज से मई में 23.2 अरब लेन-देन के साथ नया रिकॉर्ड बना, जो पिछले वर्ष इसी अवधि के 18.67 अरब लेन-देन से 24 फीसदी अधिक है। अप्रैल 2026 में लेन-देन की संख्या 22.35 अरब थी। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की भुगतान प्रणाली रिपोर्ट के अनुसार यूपीआई के जरिए औसत लेन-देन का आकार 2021 में 1848 रुपये से घटकर 2025 में 1313 रुपये रह गया है, जो चिंता की बात नहीं, बल्कि परिपक्व होते तंत्र का संकेत है। यूपीआई फिलहाल संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), सिंगापुर, भूटान, नेपाल और मॉरीशस सहित सात देशों में चालू है।

## जीएसटी राजस्व संग्रह मई में 3.2 फीसदी बढ़कर 1.94 लाख करोड़ रुपये के पार

**एजेंसी, नई दिल्ली** । देश के वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। मई महीने में जीएसटी राजस्व संग्रह 3.2 फीसदी बढ़कर 1.94 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा। पिछले साल मई में सकल जीएसटी राजस्व संग्रह 1.88 लाख करोड़ रुपये रहा था। जीएसटी महानिदेशालय ने सोमवार को आंकड़ों में बताया कि जीएसटी राजस्व संग्रह में यह वृद्धि वस्तुओं एवं सेवाओं की आपूर्ति में सुधार तथा आयात मिलने वाले कर संग्रह में लगातार बढ़ोतरी के कारण हुई है। आंकड़ों के अनुसार मई के दौरान घरेलू लेन-देन से केंद्रीय जीएसटी (सीजीएसटी) संग्रह 37,397 करोड़ रुपये, राज्य जीएसटी (एसजीएसटी) 45,143 करोड़ रुपये और एकीकृत जीएसटी (आईजीएसटी) 51,990 करोड़ रुपये रहा। आंकड़ों के मुताबिक इस अवधि में कर योग्य वस्तुओं की आपूर्ति में 26.9 फीसदी की वृद्धि दर्ज हुई, जो घरेलू मांग को दर्शाती है। सेवाओं के क्षेत्र में यह वृद्धि 22.2 फीसदी रही है, जो घरेलू खपत की मजबूती को दिखाती है। इसी तरह आयात से आईजीएसटी संग्रह 19.1 फीसदी बढ़कर मई में 59,654 करोड़ रुपये हो गया, जो औद्योगिक क्षमता के विस्तार का संकेत है। इसके अलावा इस अवधि में जीएसटी 'रिफंड' 2.6 फीसदी बढ़कर 27,281 करोड़ रुपये हो गया। 'रिफंड' समायोजित करने के बाद मई में शुद्ध जीएसटी राजस्व संग्रह 3.3 फीसदी बढ़कर लगभग 1.67 लाख करोड़ रुपये रहा।

## अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए एटीएफ हुआ 27 फीसदी सस्ता, घरेलू दरें अपरिवर्तित

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने सोमवार को अंतरराष्ट्रीय उड़ान संचालित करने वाली विमानन कंपनियों के लिए विमान ईंधन (एटीएफ) की कीमतों में 27 फीसदी की भारी कटौती की है। हालांकि, घरेलू विमानन कंपनियों के लिए एटीएफ की दरों में लगातार दूसरे महीने कोई बदलाव नहीं किया गया है। इस कटौती से अंतरराष्ट्रीय कंपनियों के लिए विमान ईंधन की कीमत 400 डॉलर प्रति किलोलीटर से अधिक घटकर लगभग 1,100 डॉलर प्रति किलोलीटर रह गई है। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा की कीमतों में तेजी के बीच इन विमानन कंपनियों के लिए एटीएफ की दरें दोगुनी से अधिक बढ़कर



1,435.31 डॉलर प्रति किलोलीटर हो गई थीं। 1 मई को 76.55 डॉलर यानी 5.33 फीसदी बढ़ाकर 1,511.86 डॉलर प्रति किलोलीटर की गई थीं। तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने घरेलू विमानन कंपनियों के लिए एटीएफ के दाम में कोई बदलाव नहीं किया है। ये एक अप्रैल से 1,04,927.18 रुपये प्रति किलोलीटर पर ही बनी हुई है। इसके बाद से इसमें कोई बदलाव नहीं हुआ है। यह संशोधन सरकारी तेल विपणन कंपनियों द्वारा हर महीने किए जाने वाले मूल्य निर्धारण का हिस्सा है। पश्चिम एशिया में जारी संकट और होर्मुज जलडमरूमध्य में जारी संकट के कारण वैश्विक स्तर पर एटीएफ की आपूर्ति प्रभावित हुई है, जिससे आपूर्ति श्रृंखला पर लगातार दबाव बना हुआ है। भारत में विमान ईंधन की कीमतें दो दशक से अधिक समय पहले नियंत्रण मुक्त कर दी गई थीं और तब से इन्हें अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप रखा जाता है। पश्चिम एशिया संकट के बीच ऊर्जा कीमतों में तेज उछाल को देखते हुए सरकार और सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने संतुलित दृष्टिकोण अपना रखा है।

# शाहिद कपूर ने फैंस को दिखाया अपना बचपन का स्वैग तस्वीर

## शेयर कर बोले- तब भी कमाल का था फैशन सेंस

शाहिद कपूर ने फैंस को दिखाया अपना बचपन का स्वैग, तस्वीर शेयर कर बोले- तब भी कमाल का था फैशन सेंस अभिनेता शाहिद कपूर इन दिनों अपनी आगामी फिल्म कॉकटेल-2 को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। शनिवार को अभिनेता ने फैंस के साथ अपने बचपन के दिनों को याद करते हुए सोशल मीडिया पर एक प्यारी सी तस्वीर पोस्ट की। इंस्टाग्राम स्टोरीज सेक्शन पर अभिनेता ने तस्वीर पोस्ट की। इसमें छोटा-सा शाहिद मोटरसाइकिल के पास खड़े होकर बड़े ही स्वैग के साथ पोज देते हुए नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर में शाहिद कपूर का अंदाज वाकई देखने लायक है। इस फोटो को शेयर करते हुए अभिनेता ने लिखा, जब आपको बाइक्स का बेहद शौक हो और आपको खुद भी इस बात का अंदाजा न हो... जैसा कि आप इस फोटो में देख सकते हैं, मेरा फैशन सेंस भी बचपन से ही काफी शानदार था। अभिनेता शाहिद कपूर जल्द ही आगामी फिल्म कॉकटेल-2 में नजर आएंगे। यह फिल्म सुपरहिट रोमांटिक ड्रामा फिल्म कॉकटेल का सीक्वल है। फिल्म का संगीत प्रीतम द्वारा तैयार किया गया है। इसका रोमांटिक ट्रैक तुझको, सॉन्ग माशूका और जब तलक पहले ही रिलीज हो चुका है, जिसे दर्शकों का काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। आधुनिक रिश्तों और भावनात्मक उलझनों पर आधारित इस फिल्म में एक नया और दिलचस्प लव-ट्रायंगल देखने को मिलेगा। फिल्म की कहानी बिल्कुल नए किरदारों के साथ आज के दौर के आधुनिक रिश्तों पर आधारित है। बताया जा रहा है कि इसमें कृति सेनन और रश्मिका मंदाना एक लेस्बियन कपल के रूप में नजर आ सकती हैं, जबकि शाहिद कपूर लव-ट्रायंगल का हिस्सा होंगे। होमी अदजानिया इसके निर्देशक हैं, जिन्होंने पहली कॉकटेल का निर्देशन भी किया था। यह पहली बार है जब शाहिद कपूर और रश्मिका मंदाना एक साथ किसी फिल्म में स्क्रीन शेयर कर रहे हैं। फिल्म में शाहिद कपूर, कृति सैनन और रश्मिका मंदाना मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म 19 जून 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है। अब देखना होगा कि इस सीक्वल को दर्शक कैसा रिस्पॉन्स देते हैं।





# अल्फा किलर बनकर दुश्मनों का सफाया करेंगी आलिया भट्ट

## वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स में दिखेगा खतरनाक रूप

यशराज फिल्म्स की आगामी स्पाई यूनिवर्स फिल्म अल्फा को लेकर सोशल मीडिया पर फैंस के बीच जबरदस्त उत्साह बना हुआ है। फिल्म में अभिनेत्री आलिया भट्ट एक स्पाई की भूमिका निभाती नजर आएंगी। प्रोडक्शन टीम के करीबी सूत्रों ने आईएएनएस को बताया कि अभिनेत्री आलिया भट्ट एक दमदार और घातक किरदार में नजर आएंगी। उन्होंने कहा, वह वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स में अल्फा किलर की भूमिका में दिखाई देंगी, जिसे केवल दुश्मनों का सफाया करने के लिए तैयार किया गया है और विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। सूत्रों के मुताबिक, वाईआरएफ के प्रमुख आदित्य चोपड़ा इस बार दर्शकों के सामने एक बिल्कुल नया और आकर्षक नायक प्रस्तुत करना चाहते हैं, जिसे लोग उसके सही या गलत कार्यों के आधार पर न आंकें, बल्कि उसे ऐसे व्यक्ति के रूप में देखें जो अपनी शर्तों पर जीवन जीता है और वही करता है जो उसे सही लगता है। सूत्रों ने बताया, आज के समय में नायक-नायिका को देखने का यह एक बिल्कुल नया नजरिया है, क्योंकि दर्शक पर्दे पर रोमांचक और मनोरंजक किरदार देखना चाहते हैं।

अल्फा में आलिया का किरदार भी कुछ ऐसा ही होगा। उन्होंने आगे कहा, इस फिल्म के जरिए आदित्य चोपड़ा अपने स्पाई यूनिवर्स में एक बड़ा रचनात्मक बदलाव करने जा रहे हैं, जिसकी इस फ्रेंचाइजी को काफी समय से जरूरत थी। यह पहली बार होगा जब इस यूनिवर्स की कोई फिल्म पूरी तरह एक महिला प्रमुख किरदार के दमदार एक्शन और उसकी कहानी पर आधारित होगी। वाईआरएफ के प्रवक्ता ने आईएएनएस से कहा, हम फिलहाल केवल इतना ही कह सकते हैं कि सभी को अल्फा के पहले टीजर या झलक का इंतजार करना चाहिए। इस समय हम इन चर्चाओं की न तो पुष्टि कर सकते हैं और न ही इनसे इनकार कर सकते हैं। यश राज फिल्म्स की बहुचर्चित स्पाई यूनिवर्स की पहली महिला-प्रधान फिल्म अल्फा में आलिया भट्ट के साथ शरवरी वाघ भी मुख्य भूमिका में हैं, जबकि बॉबी देओल इसमें मुख्य खलनायक की भूमिका में नजर आएंगे।



# ग्लैमरस अंदाज और दमदार किरदार...

## कीर्ति कुल्हारी और जेनिफर विंगेट लाखों दिलों पर करती हैं राज



30 मई... कैलेंडर में दर्ज सिर्फ एक तारीख नहीं है, बल्कि यह दिन मनोरंजन जगत की दो ऐसी अभिनेत्रियों का जन्मदिन भी है जिन्होंने अपने टैलेंट, खूबसूरती और दमदार किरदारों से इंडस्ट्री में खास पहचान बनाई। हम बात कर रहे हैं कीर्ति कुल्हारी और जेनिफर विंगेट की। दोनों का जन्म 30 मई 1985 को हुआ था। एक तरफ कीर्ति कुल्हारी ने फिल्मों और ओटीटी की दुनिया में अपनी अलग छाप छोड़ी तो वहीं जेनिफर विंगेट टीवी इंडस्ट्री की सबसे लोकप्रिय और स्टाइलिश अभिनेत्रियों में गिनी जाती हैं। कीर्ति कुल्हारी का नाम उन अभिनेत्रियों में लिया जाता है जिन्होंने हमेशा अलग और मजबूत किरदारों को चुना। राजस्थान के झुंझुनू में जन्मी कीर्ति ने अपने करियर की शुरुआत साल 2010 में फिल्म खिचड़ीः द मूवी से की थी। हालांकि उन्हें असली पहचान फिल्म शैतान से मिली। इसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा और पिंक, उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक, मिशन मंगल, इंदु सरकार और क्रिमिनल जस्टिस जैसी फिल्मों और वेब सीरीज में शानदार अभिनय किया। ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी कीर्ति कुल्हारी ने अपनी अलग पहचान बनाई। वेब सीरीज फोर मोर शॉट्स प्लीज! और ह्यूमन में उनके अभिनय को काफी पसंद किया गया। दर्शकों को उनका बोल्ड और कॉन्फिडेंट अंदाज खूब पसंद आता है। यही वजह है कि आज कीर्ति लाखों लोगों की पसंदीदा अभिनेत्री बन चुकी हैं। अगर उनकी निजी जिंदगी की बात करें तो कीर्ति ने साल 2016 में अभिनेता साहिल सहगल



से भूटान में शादी की थी। दोनों की शादी काफी चर्चित रही, लेकिन साल 2021 में दोनों ने अलग होने का फैसला लिया। कीर्ति ने तलाक के बाद खुलकर कहा था कि यह फैसला उनके आत्मसम्मान और पर्सनल ग्रोथ के लिए जरूरी था। फिलहाल उनका नाम अभिनेता राजीव सिद्धार्थ के साथ जोड़ा जाता है और दोनों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर अक्सर चर्चा में रहती हैं। वहीं, जेनिफर उन अभिनेत्रियों में शामिल हैं जिन्होंने छोटे पर्दे पर अपने अभिनय से अलग मुकाम हासिल किया। मुंबई में जन्मी जेनिफर ने बहुत छोटी उम्र में ही अभिनय की दुनिया में कदम रख दिया था। उन्होंने बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट फिल्म अकेले हम अकेले तुम से करियर की शुरुआत की। इसके बाद वह कई फिल्मों में नजर आईं, लेकिन उन्हें असली पहचान टीवी इंडस्ट्री से मिली। शाका लाका बूम बूम, कसौटी जिंदगी की, दिल मिल गए, सरस्वतीचंद्र, बेहद और बेपनाह जैसे सुपरहिट शोज ने जेनिफर को घर-घर में मशहूर बना दिया। खासतौर पर 'बेहद में माया के किरदार ने उनकी लोकप्रियता को नई ऊंचाई दी। जेनिफर सिर्फ खूबसूरत ही नहीं बल्कि बेहद शानदार अभिनेत्री भी हैं। उनके एक्सप्रेशंस और स्क्रीन प्रेजेंस के लाखों लोग दीवाने हैं। जेनिफर ने टीवी के साथ-साथ ओटीटी की दुनिया में भी कदम रखा और वेब सीरीज कोड एम में अपने अभिनय से दर्शकों का दिल जीत लिया। उन्हें कई बड़े पुरस्कार भी मिल चुके हैं और वह टीवी इंडस्ट्री की सबसे ज्यादा फीस लेने वाली अभिनेत्रियों में शामिल हैं।

जेनिफर की निजी जिंदगी भी काफी चर्चा में रही। अभिनेता करण सिंह ग्रोवर के साथ उनकी लव स्टोरी टीवी इंडस्ट्री की चर्चित कहानियों में से एक रही। दोनों की मुलाकात शो के सेट पर हुई थी और धीरे-धीरे दोनों करीब आ गए।

# तापसी पन्नू ने पतली कमर पाने के लिए खुद को दी तकलीफ

## कहा- शरीर पर चर्बी होना बहुत जरूरी, देर से समझ आया


बॉलीवुड एक्ट्रेस तापसी पन्नू ने सपाट कमर पाने के दबाव के बारे में खुलकर बात की है और बताया है कि एक समय परफेक्ट शरीर पाने की चाह में उन्होंने खुद को हद से ज्यादा तकलीफ दी थी। उन्होंने फैंस से अपने शरीर को अपनाने और सोशल मीडिया पर परफेक्ट दिखने वाली तस्वीरों के लिए खुद को तकलीफ न देने से बचने को कहा। रविवार को तापसी पन्नू ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर फ्लैट मिडिफ पाने की अपनी चाहत के बारे में बात करते हुए कहा, 'मुझे याद है, मुझे यह चाहत बहुत सताती थी क्योंकि बचपन में मैं बेहद फिट थी, लेकिन मुझे कभी समझ नहीं आया कि पेट के निचले हिस्से की चर्बी हमेशा क्यों बनी रहती थी। मैं इतनी जोरदार कसरत करती थी कि लगभग हद से ज़्यादा जोर लगा देती थी, और सही कहा है, जब आप खुद पर जरूरत से ज़्यादा जोर डालते हैं, तो आपके दिमाग में एक अलार्म बजता है कि आपके शरीर को सुरक्षा की जरूरत है।' उन्होंने आगे अपने फैंस के लिए एक मैसेज शेयर करते हुए कहा, 'तो असल में वॉटर रिटेंशन कम होने के बजाय, शरीर उसे रिटेन करना शुरू कर देता है और फिर पेट के निचले हिस्से की चर्बी, जो शायद सिर्फ चर्बी ही नहीं, बल्कि वॉटर रिटेंशन भी हो सकती है, बनी रहती है, और ज़्यादा कसरत करने से यह और बढ़ जाती है, जो मुझे लगता है कि लोगों को बिल्कुल नहीं करना चाहिए।' तापसी ने आगे बताया कि हर महिला का शरीर अलग होता है और उन्हें यह उम्मीद नहीं करनी चाहिए कि उनका पेट हर दिन एक जैसा दिखेगा, क्योंकि महिलाओं के शरीर में कई हार्मोनल बदलाव होते रहते हैं।



# कबाड़ की दुकान से 200 पुराने टायर

## मंगवाकर किया था शाहरुख खान का फोटोशूट : डब्बू रत्नानी

मशहूर फोटोग्राफर डब्बू रत्नानी अपने सेलिब्रिटीज के बेहतरीन फोटोशूट के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने अभिनेत्री पूजा भट्ट के पॉडकास्ट में अभिनेता शाहरुख खान के साथ काम करने के पुराने अनुभवों को याद करते हुए फोटोशूट के बिहाइंड-द-सीन्स के किस्से शेयर किए। शनिवार को अभिनेत्री पूजा भट्ट ने इंस्टाग्राम पर ऑडियो पॉडकास्ट क्लिप पोस्ट किया। इस पर डब्बू रत्नानी ने बताया कि शाहरुख के साथ उनके ज्यादातर शूट मन्नत में हुए हैं। उन्होंने याद किया कि कैसे शाहरुख खान के बेफिक्र और स्वाभाविक पल उनकी सबसे यादगार तस्वीरों में बदल जाते थे। वह कुत्ते के साथ खेल रहे थे और मैंने उसी वक्त उनकी नेचुरल तस्वीरें खींची थी। फोटोग्राफर डब्बू रत्नानी ने एक



और वाक्य याद करते हुए बताया कि उन्होंने कबाड़ की दुकान से आइडिया लेकर शाहरुख का फोटोशूट किया था। उन्होंने कहा, एक बार मैं अपनी गाड़ी के टायर बदलवाने एक दुकान पर गया था। वहां एक आदमी पुराने टायरों को उठाकर टेम्पो में डाल रहा था। मुझे वह कबाड़ जैसा दिखने वाला बैकग्राउंड बहुत पसंद आया। मैंने तुरंत उस दुकान वाले से बात की और करीब 200 पुराने-फटे टायर महबूब स्टूडियो मंगवा लिए और उन्हीं टायरों की मदद से सेट तैयार किया गया और फिर शाहरुख खान का वह यादगार शॉट लिया गया।

पूजा भट्ट ने डब्बू रत्नानी से सवाल करते हुए कहा, आपने सच में शाहरुख को बहुत स्मार्ट दिखाया है। साथ रहते हुए उनमें कुछ ऐसा बदलाव आता है जो वे किसी और के साथ नहीं दिखाते। इस पर डब्बू ने शाहरुख खान के साथ को याद करते हुए बताया कि कैसे वे बेफिक्र और स्वाभाविक पल उनकी सबसे यादगार तस्वीरों में बदल जाते थे। उन्होंने कहा, एक बार शाहरुख ओशिवारा में मेरे स्टूडियो आए थे। वहां वह मेरे पालतू कुत्ते फ्लैश के साथ खेलने में व्यस्त हो गए। मैंने उनसे कैमरे के सामने कोई बनावटी पोज नहीं बल्कि उस पल का आनंद लेने दिया।

# भोजपुरी सिनेमा की अभिनेत्री रानी चटर्जी ने शेयर किया लखनऊ की बड़की पटना की छोटकी का बीटीएस वीडियो

रानी चटर्जी ने शेयर किया लखनऊ की बड़की पटना की छोटकी का बीटीएस वीडियो भोजपुरी सिनेमा की लोकप्रिय अभिनेत्री रानी चटर्जी इन दिनों अपनी फिल्म लखनऊ की बड़की पटना की छोटकी को लेकर चर्चा में हैं। शनिवार को अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर फिल्म के धमाकेदार गाने यू. पी. वाली बिहार वाली का पर्दे के पीछे का वीडियो शेयर किया। इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए वीडियो में रानी के साथ उनकी सह-कलाकार संजना भी नजर आ रही हैं। दोनों अभिनेत्रियां गाने की धुन पर अच्छे से परफॉर्म करती दिख रही हैं। इसमें फिल्म के डायरेक्टर (निर्देशक) दोनों अभिनेत्रियों को गाने के स्टेप्स और उसके पीछे के भावों को गहराई से समझाते



हुए दिखाई दे रहे हैं। वीडियो पोस्ट कर अभिनेत्री ने फैंस से पूछते हुए लिखा, क्या आपने गाना सुना?

इस फिल्म में रानी उत्तर प्रदेश की रहने वाली हैं जबकि संजना बिहार की रहने वाली हैं। यह कहानी एक ही घर में रहने वाली दो अलग-अलग राज्यों की बहू के बीच होने वाली छोटी-छोटी नोकझोंक और प्यार भरे झगड़ों पर आधारित है। इसमें दिखाया गया है कि कैसे एक तरफ लखनऊ की शानोशौकत वाली यूपी की लड़की और दूसरी तरफ अपनी सादगी और परंपराओं को मानने वाली बिहार की लड़की के बीच मजेदार मुकाबले होते हैं।

लखनऊ की बड़की पटना की छोटकी के निर्देशक मंजुल ठाकुर हैं जबकि फिल्म के निर्माता संदीप सिंह और मंजुल ठाकुर हैं। फिल्म की कहानी अरविंद तिवारी ने लिखी है। फिल्म में रानी चटर्जी और संजना सिंह के अलावा प्रशांत सिंह, अलोक सिंह, रीना रानी, ललित उपाध्याय, श्वेता वर्मा और प्रेम दुबे भी हैं।

फिल्म में रानी चटर्जी जेठानी के किरदार में हैं तो संजना पांडे देवरानी के किरदार में हैं। दोनों ही भोजपुरी इंडस्ट्री की लोकप्रिय अभिनेत्रियों में शुमार हैं। फिल्म का पहले नाम यू. पी. वाली बिहार वाली था लेकिन मेकर्स ने रिलीज से पहले ही इसका नाम बदलकर लखनऊ की बड़की पटना की छोटकी रख दिया था। फिल्म का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर 23 मई और 24 मई को बी4यू भोजपुरी चैनल पर हुआ था, जिसके बाद इसे दर्शकों की तरफ से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है।

# Go back to people, find out how reforms have helped: PM Modi to minsters

**New Delhi, Agency:** Amid government's big push for next-generation reforms for improving ease of living and ease of doing business, PM Modi has directed all ministries and departments to go back to the intended beneficiaries - citizens and businesses - to assess the impact of policy modifications on their life and work.



Media has learnt that PM Modi while chairing the last council of ministers, told his ministerial colleagues and top bureaucrats not to limit themselves to only initiating and notifying reforms. Cabinet secretary TV Somanathan and secretaries from over half a dozen departments had made presentations on the reforms undertaken by ministries and departments in the past two years.

"The message was to see whether the reforms have brought intended results, and the impact can be assessed only after getting feedback from the desired group. The reforms must focus on people and take into account every aspect, rather than being treated merely as an administrative exercise," said an official who attended the meeting. Officials added that ministries and departments have been asked to deep dive into all the issues during consultation with stakeholders and identify more areas for improvement. "Most big-ticket reforms have been implemented. Now the focus has to be on fixing the nuts and bolts - the process reforms. This has to be driven by each ministry and department concerned," said a person privy to the deliberations.

An official said that ministries now intend to get into a huddle with stakeholders to assess the impact of the steps taken by them over the last few years and also identify new measures that may be required. It's also learnt departments have been asked to focus on addressing public grievances, including by designating officials to deal with citizens' complaints. Taking note that govt remains the biggest litigant, the PM has also directed officials to take measures to reduce court cases and arbitrations. "There is a direction to ensure that no new cases come up due to any future regulatory framework. "Every agency must ensure affidavits are filed in time and these are of good quality," said an official.

# MGCU VC Meets Himachal Governor, Discusses Academic partnership

Sagar Suraj

**MGCU Vice-Chancellor Holds Talks with Himachal Pradesh Governor to Boost Research, Faculty Exchange and Inter-University Collaboration**

**MOTIHARI:** Mahatma Gandhi Central University (MGCU) Vice-Chancellor Prof. Sanjay Srivastava met Himachal Pradesh Governor Shri Kavinder Gupta and discussed prospects for academic collaboration between the Bihar-based central university and state universities in Himachal Pradesh, officials said.

The meeting focused on strengthening institutional cooperation, promoting joint academic initiatives and exploring avenues for research partnerships in line with the objectives of the National Education Policy (NEP) 2020.

During the interaction, Prof. Srivastava briefed the Governor on MGCU's recent achievements in higher education, research, innovation, skill development and community outreach.

According to MGCU communique, he outlined the university's efforts to expand academic networks and foster partnerships with institutions across the country to enhance learning and research opportunities.

According to university officials, discussions covered a wide range of areas, including collaborative academic programmes, joint research projects, faculty and student exchange initiatives, innovation and entrepreneurship activities, capacity-building programmes and knowledge-sharing platforms.

Both sides underscored the importance of inter-university cooperation in promoting academic excellence and facilitating the exchange of ideas, expertise and best practices among higher education institutions.

VC Srivastava said such partnerships would create new opportunities for students, researchers and faculty members by encouraging multidisciplinary learning and collaborative research.

He expressed confidence that stronger institutional linkages would contribute to the advancement of higher education and research in the country.



Governor Gupta appreciated MGCU's efforts to establish itself as a centre of academic excellence and stressed the need for greater cooperation among universities to promote innovation, quality education and holistic student development. He also highlighted the role of higher education institutions in nation-building and intellectual growth.

University officials described the meeting as part of MGCU's broader strategy to build academic partnerships across India and expand opportunities for collaborative research and institutional development.

The interaction is expected to pave the way for future engagements between MGCU and leading universities in Himachal Pradesh, strengthening academic cooperation and knowledge exchange between the two regions.



## PM Modi, Pope strike similar note on need for human-centric, ethical and inclusive AI

**New Delhi, Agency:** As govts and technology companies across the world race to dominate the AI revolution, a parallel global debate is steadily gaining ground - who will ensure that AI remains accountable to human values rather than being driven solely by profit, speed and geopolitical competition? That broader concern now appears to connect two very different personalities: PM Narendra Modi and Pope Leo XIV.In a sweeping encyclical on the future of AI, Pope Leo XIV warned against reducing human beings to "data and performance" and cautioned that technology should not become an instrument of domination, exclusion or dehumanisation.

Months before, Modi, speaking at AI Summit in Delhi, had argued technology must "serve humanity, not replace it" and called for AI systems that are human-centric, ethical, trusted and inclusive. He has since reiterated his pitch for human-centric AI and for not allowing human agency to be overwhelmed by dizzying breakthroughs.

## Woman feeds pesticide to 3 daughters before consuming it, all 4 die



**New Delhi, Agency:** A 32-year-old woman and her three daughters died after allegedly consuming a pesticide in Madhya Pradesh's Shahdol district, police said. The incident occurred in Hirwar village under the Papaundh police station limits in the Beohari area, about 125 km from the Shahdol district headquarters, an official said on Sunday.

Anita Singh (32) allegedly administered the pesticide to her three daughters before consuming it herself on Saturday night. Her daughters, Ritika (4) and Krishnakumari (2), died soon after, Papaundh station house officer Brijendra Mishra told PTI. Her other daughter, Arpita (7), succumbed during treatment on Sunday, he said. The SHO said the eldest daughter managed to come out of the house and alert neighbours, who rushed all four to Beohari hospital. "Doctors declared the woman and her two younger daughters dead on arrival,

# Centre appoints five new Supreme Court judges, strength to rise to 37

**New Delhi, Agency:** The Supreme Court is set to get five new judges after the Central Government cleared the names recommended by the SC Collegium, taking the apex court close to its newly expanded sanctioned strength of 38. Law minister Arjun Ram Meghwal announced on X that the President has approved the appointment of four high court Chief Justices and Senior Advocate V. Mohana as judges of the Supreme Court under Article 124(2) of the Constitution.



**The appointees are:** Justice Sheel Nagu, Chief Justice of the Punjab and Haryana high court Justice Shree Chandrashekhar, Chief Justice of the Bombay high courtJustice Sanjeev Sachdeva, Chief Justice of the Madhya Pradesh high court Justice Arun Palli, Chief Justice of the high court of Jammu and Kashmir and Ladakh.

**Senior advocate Venkita Subramani Mohana:** The appointments come days after the SC Collegium, headed by Chief Justice of India Surya Kant, recommended their elevation on May 27. This is the Collegium's first major set of appointments under CJI Surya Kant, who assumed office in November 2025.

The development follows the Centre's decision to increase the sanctioned strength of the Supreme Court from 34 to 38 judges through the Supreme Court (Number of Judges) Amendment Ordinance, 2026. With these five appointments, the Supreme Court's strength will rise to 37 judges, leaving only one vacancy.

# PoK man caught in Uri cops suspect affair



**Srinagar, Agency:** An intruder from Pakistan-occupied Kashmir (PoK) was caught crossing the LoC in north Kashmir's Uri sector, the Army said Sunday as unconfirmed reports and a social media video suggested the sneak-in was driven by a love affair with a local woman.

Sources said the man was identified as Zeeshan Ahmad Mir, 22, a resident of Painkadi village in PoK's Muzaffarabad district. He was caught late Saturday as he entered through the Haji Peer range in Uri's Silikote area. Local authorities later detained Iram Bano, suspected to be the lady Mir wanted to meet. She is from Tilawari village near the LoC. Soon after, a video went viral on social media purportedly showing the couple identifying themselves while responding to questions from an unseen person, believed to be a security official. A police officer requesting anonymity confirmed it was a case of love, with the two families on two sides of the border related and the couple communicating with each other through social media. Mir's family was originally from Uri but migrated to PoK decades ago, the officer added. According to the Army, the troops maintained restraint while challenging Mir and apprehended him "surgically".

# Among top 10 economies, fuel least affordable for average Indian



**New Delhi, Agency:** Petrol and diesel are least affordable to the average citizen in India among the 10 largest economies of the world. An average Indian - someone whose income matches the country's per capita - can buy only about 8 litres of petrol or diesel with their daily income, while the average American can buy 199 litres of petrol or 171 litres of diesel.

These numbers have been arrived at by comparing the petrol and diesel prices in each country on May 25, which are collated by GlobalPetrolPrices.com.

Among the world's 10 largest economies, Brazil is the second last in the affordability list, as an average Brazilian can only afford around 20 litres of petrol or diesel with their daily income. In Italy, France, Germany, the UK and Japan, a day's income can buy more than 50 litres of petrol or diesel. Interestingly, Russia, which is a major producer of petroleum, is lower than these economies in this list.

So, in which countries is fuel most affordable to the average citizen? In Libya, a day's income can buy you nearly 789 litres of petrol or diesel -the highest in the list of 158 countries for which this data is available. Diesel is most affordable in Venezuela, as a day's income can fetch the average Venezuelan 2,573 litres of the fuel. In Iran, the figure is 1,866 litres. Fuel is, not surprisingly, cheapest in oil-producing countries as people in Kuwait, Venezuela, Qatar, Iran and Libya can buy more than 200 litres of petrol or diesel with a day's income.

Fuel is the most unaffordable in the poorest African countries. In Malawi and the Central African Republic, a day's income is not sufficient for buying even one litre of petrol or diesel. Similarly, in Burundi, Mozambique, Madagascar and four other African countries, a day's income can buy less than 2 litres of petrol or diesel.

# List of vehicles exempted from NH toll may soon be pruned



**New Delhi, Agency:** Govt is looking at pruning the list of vehicles exempted from paying tolls on national highways, and to begin vehicles attached to senior Central and state govt officers are likely to be taken out from the "exempted category", Media has learnt.

A high level committee set up by the central govt has recommended the road transport ministry to amend the National Highways Fee Rules "eliminating the exempted category". The proposal is under discussion with various stakeholders and there is a possibility of reducing the exempted category of vehicles in a graded manner, officials said. "The proposal to begin this exercise with govt officers is under active consideration. There is a focus on doing away with VIP culture as this doesn't go down well with common citizens," said a person aware of the development. Road transport ministry has written to different govt entities and states to persuade their employees to buy FASTag Annual Pass rather than seeking exemption.

# Punjab and Haryana High Court Chief Justice among 5 judges appointed to Supreme Court

**New Delhi, Agency:** The Centre has notified the appointment of four high court chief justices, including Punjab and Haryana High Court Chief Justice Sheel Nagu, and senior advocate V Mohana as judges of the Supreme Court.




The other three newly appointed Supreme Court judges are Bombay High Court Chief Justice Shree Chandrashekhar, Madhya Pradesh High Court Chief Justice Sanjeev Sachdeva and Jammu & Kashmir and Ladakh High Court Chief Justice Arun Palli. They are likely to be administered the oath of office on Tuesday, sources said.

Union Minister of State for Law and Justice Arjun Ram Meghwal on Monday took to 'X' to convey his best wishes to the newly appointed Supreme Court judges.

In its meetings held on May 22 and May 27, the Supreme Court Collegium led by Chief Justice of India Surya Kant had recommended their elevation to the top court. Besides CJI Kant, the other members of the Collegium are Justice Vikram Nath, Justice JK Maheshwari, Justice BV Nagarathna and Justice MM Sundresh.

These appointments will take the number of judges in the Supreme Court from the present 32 to 37.

Mohana's will be the first appointment of a woman judge in the Supreme Court since August 2021. It will take the number of women judges to two in the Supreme Court which currently has only one woman judge -- Justice BV Nagarathna.